सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 21 अगस्त , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 225, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 213 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 213 अंक के लाभ में रहा। } 14

## देश सस्ता हाइड्रोजन बनाकर तेल उत्पादक देशों की बराबरी कर सकता है: गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि यदि देश में हाइड्रोजन बनाने की लागत को एक डॉलर प्रति किलोग्राम तक लाया जा सका, तो वह ऊर्जा आयातक से वैश्विक निर्यातक बन सकता है। } 14



### संक्षेप

## राजीव गांधी की जयंती पर दी गयी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई कांग्रेसी नेताओं ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी 81वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। अपने पिता को श्रद्धांजलि देते हुए राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, एक ऐसा भारत - जहां हर नागरिक को सम्मान मिले, जहां सद्भावना हो, लोकतंत्र और संविधान से देश मजबूती से खड़ा हो। पापा, आपके देखे इस सपने को पूरा करना ही मेरा जीवन लक्ष्य है। वीरभूमि स्थित राजीव गांधी के स्मारक पर अपने परिवार के साथ मौजूद रहीं प्रियंका गांधी वाद्रा ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, विरासत में आप से करुणा, प्रेम और देशभक्ति का धर्म मिला।

## दिल्ली के 50 स्कूलों को मिली बम की धमकी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के स्कूलों को बम की धमकी मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब दिल्ली के करीब 50 स्कूलों को बुधवार को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिसके बाद पुलिस और अन्य आपातकालीन एजेंसियों ने तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दिल्ली के लगभग 50 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें द्वारका स्थित राहुल मॉडल स्कूल और मैक्सफोर्ट स्कूल, मालवीय नगर स्थित एसकेवी और प्रसाद नगर स्थित आंध्रा स्कूल शामिल हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, दो स्कूलों- मालवीय नगर स्थित एसकेवी और प्रसाद नगर स्थित आंध्रा स्कूल में बम की धमकी की सूचना क्रमशः सुबह सात बजकर 40 मिनट पर और सात बजकर 42 मिनट पर मिली। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस टीम, अग्निशमनकर्मी और बम निरोधक दस्ते तुरंत स्कूल पहुंचे। महज दो दिन पहले 18 अगस्त को दिल्ली के 32 स्कूलों को इसी तरह की धमकी मिली थी, जो बाद में झूठी निकलीं।

## अमेरिका का भारत पर दबाव डालना अनुचित: रूस

नयी दिल्ली। रूस के प्रभारी राजदूत रोमन बाबुश्किन ने बुधवार को कहा कि रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए भारत के खिलाफ अमेरिका की दंडात्मक कार्वाई से उत्पन्न होने वाली किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए रूस के पास एक विशेष तंत्रे है। भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के बाद भारत और अमेरिका के संबंध तनावपूर्ण हुए हैं। बाबुश्किन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नयी दिल्ली के साथ अपने देश के संबंधों में तेजी से सुधार होने की उम्मीद जताई और कहा कि विभिन्न सैन्य साजोसामान व उपकरण की आवश्यकता के लिए रूस भारत का पसंदीदा साझेदार रहा है।

# अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण



एजेंसी

बालासोर। भारत ने बुधवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी।

बयान में कहा गया है कि अग्नि-5 मिसाइल मौजूदा परीक्षण में सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों पर खरी उतरी। इसमें कहा गया है कि यह परीक्षण सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किया गया।

# जन सुनवाई में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

## हत्या के प्रयास का मामला दर्ज, आईबी और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम पूछताछ में जुटी

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार को सुबह सिविल लाइंस स्थित उनके कार्यालय पर आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति ने हमला कर दिया। मुख्यमंत्री के कार्यालय ने यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस हमले को मुख्यमंत्री की हत्या की सुनियोजित साजिश का हिस्सा बताया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, राजकोट (गुजरात) निवासी 41 वर्षीय आरोपी सकरिया राजेशभाई खिमजीभाई को हिरासत में लिया गया है और उससे खुफिया ब्यूरो (आईबी) और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि हमला सुबह करीब आठ बजकर 15 मिनट पर हुआ। पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के हाथ, कंधे और सिर में चोटें आई हैं। जांच से जुड़े एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह एक गंभीर हमला था और जानलेवा भी हो सकता था। अधिकारी ने बताया, हम आईबी, विशेष प्रकोष्ठ और खुफिया एजेंसियों के साथ संयुक्त पूछताछ कर रहे हैं। उस पर पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चाकू से हमले के दो और आबकारी अधिनियम के तीन मामले शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अभी तक उस पर साजिश का आरोप नहीं लगाया है। आरोपी के पास कोई हथियार नहीं था क्योंकि वह जानता था कि कड़ी जांच होगी। उसके पास एक बैग था जिसमें कपड़े और कुछ कागज थे। पुलिस ने हमले के सिलसिले में हत्या के प्रयास के आरोप में एक प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राजा बंठिया ने एक बयान में बताया कि सिविल लाइंस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109(1) ...शेष पृष्ठ 14 पर





### हमला मुझ पर नहीं हमारे संकल्प पर

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कहा कि जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान उन पर हुआ हमला लोगों की सेवा करने के उनके संकल्प को डिगाने का एक कायरतापूर्ण प्रयास है, लेकिन इससे उनका मनोबल नहीं टूटा है। बुधवार सुबह गुप्ता के कैंप कार्यालय में जन सुनवाई के दौरान उन पर हमला किया गया। हमले के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में गुप्ता ने इस बात पर जोर दिया कि जन सुनवाई कार्यक्रम पहले की तरह जारी रहेगा। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज सुबह जन सुनवाई के दौरान मेरे ऊपर हुआ हमला केवल मेरे ऊपर नहीं, बल्कि दिल्ली की सेवा ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अब जेल से नहीं चलेगी सरकार

## पीएम हों या सीएम, 30 दिन जेल में रहे तो जायेगी कुर्सी

एजेंसी



नयी दिल्ली। लोकसभा में बुधवार को विपक्ष के भारी हंगामे और विरोध के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार किए गए और लगातार 30 दिन हिरासत में रखे गए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद से हटाने के प्रावधान वाले तीन विधेयक पेश किए जिन्हें सदन ने अध्ययन के लिए संसद की संयुक्त समिति को भेजने का फैसला किया।

सदन में पेश विधेयकों में संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025, संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 शामिल हैं । संसद सत्र के खत्म होने से महज दो दिन पहले लाए गए इन विधेयकों को लेकर लोकसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ। विपक्ष ने इस विधेयक पर सवाल उठाने के साथ बिल की प्रतियां फाड़कर भी फेंकी। विपक्ष के इस हंगाम को देखते हुए दिन में कई बार लोकसभा की कारर्यवाही स्थगित करनी पड़ी। अमित शाह ने स्पष्ट किया कि ये बिल बेहद सोच-समझकर लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा साफ है कि अब जेल से कोई भी सरकार नहीं चलेगी। विधेयकों के उद्देश्यों और कारणों में कहा गया है कि कोई मंत्री जो गंभीर दंडनीय अपराधों के आरोप का सामना कर रहा है, उसे गिरफ्तार किया जाता है और हिरासत में रखा जाता है तो वह संवैधानिक नैतिकता के मापदंडों तथा सुशासन के सिद्धांतों को विफल कर सकता है या उनमें बाधा डाल सकता है और अंततः लोगों द्वारा उसमें जताए गए विश्वास को कम कर सकता है। इसके अनुसार ऐसे मंत्री को हटाए जाने के लिए संविधान के अधीन कोई उपबंध नहीं है जो गंभीर दंडनीय आरोपों के तहत गिरफ्तार किया जाता है। इसे देखते हुए ऐसे मामलों में प्रधानमंत्री या किसी मंत्री और राज्यों, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र एवं पुडुचेरी की मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री या किसी मंत्री को हटाए जाने के लिए, संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्यमंत्री या मंत्रियों को हटाने के लिए और जम्मू कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के मुख्यमंत्री या किसी मंत्री को हटाने के लिए संविधान के अनुच्छेदों और संबंधित ...शेष पृष्ठ 14 पर

# ऑनलाइन गेमिंग विधेयक लोकसभा में हुआ पारित

नयी दिल्ली। लोकसभा ने ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करने एवं शैक्षणिक और सामाजिक ऑनलाइन खेलों को बढ़ावा देने वाले एक विधेयक को पारित कर दिया तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि समाज में एक बहुत बड़ी बुराई आ रही है जिससे बचने के लिए इस विधेयक को लाया गया है।

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्ष के सांसदों के हंगामे के बीच ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025 को सदन में पारित कराने के लिए रखते हुए वैष्णव ने कहा कि ऑनलाइन मनी गेम आज समाज में बड़ी चिंता का विषय बन गया है और कई ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें इसकी लत लग जाती है तथा जिदंगी भर की बचत (ऑनलाइन) गेम में उड़ा देते हैं। मंत्री ने कहा कि फ्रॉड और चीटिंग एल्गोरिद्म ऐसे होते हैं कि पता ही नहीं चलता कि कौन किसके साथ खेल रहा है। अस्पष्ट एल्गोरिद्म होते हैं। हार निश्चित होती है। वित्तीय नुकसान होते हैं। कई परिवार बर्बाद हो गए। आत्महत्याएं भी हुई हैं। सदन ने एसआईआर के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों की लगातार नारेबाजी के बीच बिना चर्चा के ध्वनिमत से ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025 को पारित कर दिया। वैष्णव ने कहा कि 31 महीनों में 32 आत्महत्याएं इस तरह के मामलों में हुई हैं। वैष्णव ने कहा कि यह लगभग स्थापित हो गया है कि ऑनलाइन गेमिंग, मनी गेमिंग के कारण परिवारों पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि ऑनलाइन गेमिंग से धन शोधन और आतंकवाद का वित्तपोषण भी हो रहा है। मंत्री ने विश्व स्वास्थ्य संगठन का हवाला देते हुए कहा कि वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट ...शेष पृष्ठ 14 पर

# दिवंगत की अविवाहित, तलाकशुदा बेटी भी पारिवारिक पेंशन की हकदार

एजेंसी



नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को संसद में कहा कि दिवंगत सरकारी कर्मचारियों की अविवाहित, विधवा या तलाकशुदा बेटियां पारिवारिक पेंशन की हकदार हैं, बशर्ते वे कुछ निर्धारित शर्तों को पूरा करती हों।

केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) द्वारा अधिसूचित केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 और उसके बाद जारी 26 अक्टूबर 2022 के कार्यालय ज्ञापन में विभिन्न प्रावधान शामिल किये गए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दिवंगत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की तलाकशुदा/विधवा बेटी को उपयुक्त समय पर पारिवारिक पेंशन मिल सके। उन्होंने बताया कि रेलवे और रक्षा कर्मियों तथा पेंशनभोगियों के लिए अलग-अलग नियमों के तहत यही प्रावधान किए गए हैं। मंत्री ने बताया कि इन नियमों के अनुसार, यदि किसी दिवंगत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की पत्नी/पति या बेटा पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र नहीं है या यदि उनकी मृत्यु हो चुकी है तो ऐसी स्थिति में पारिवारिक पेंशन अविवाहित या विधवा या तलाकशुदा बेटी को दी जाएगी या देय होगी। उन्होंने ऐसी पेंशन के लिए अन्य शर्तों का भी उल्लेख किया। मंत्री ने उल्लेख किया कि पेंशन उस वक्त तक जारी रहेगी, जब तक कि उसकी शादी नहीं हो जाती या उसका पुनर्विवाह नहीं हो जाता या वह अपनी आजीविका अर्जित करना शुरू नहीं कर देती। उन्होंने बताया कि अविवाहित या विधवा या तलाकशुदा बेटी के अपने माता-पिता के जीवित रहने के दौरान उन पर निर्भर रहने की स्थिति में यह नियम लागू होगा।

# गैरसैंण विधानसभा सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

## 5315 करोड़ का अनुपूरक बजट स्वीकृत, कांग्रेस विधायक दल ने किया अभूतपूर्व हंगामा

प्रमुख संवाददाता



भराड़ीसैंण (चमोली)। उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में भराणीसैंण में आयोजित विधानसभा का चार दिवसीय मानसून सत्र विपक्ष और सत्ता पक्ष के टकराव की भेंट चढ़ गया। महज दूसरे ही दिन सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करना पड़ा। सत्र के दौरान कांग्रेस ने कानून-व्यवस्था, धराली आपदा और नियम 310 के तहत चर्चा की मांग को लेकर जबरदस्त हंगामा किया। नतीजतन, पूरे सत्र में कुल 2 घंटे 40 मिनट ही कार्यवाही हो सकी।

पहले दिन से ही कांग्रेस विधायकों ने सदन में ही धरना शुरू कर दिया था। विधायक मंडप में बिस्तर मंगवाकर रातभर डटे रहे। दूसरे दिन कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने हाथों में पोस्टर लहराए, कार्यसूची की प्रतियां फाड़कर फेंकी और नारेबाजी की। इस अड़ियल रुख के चलते प्रश्नकाल तक आयोजित नहीं हो सका। कांग्रेस के जबरदस्त हंगामे के बीच धामी सरकार ने सदन में 5315 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पारित करा लिया। जिसमें देहरादून में रिस्पना और बिंदाल नदियों पर एलीमिनेटेड रोड के लिए 925 करोड़ और हरिद्वार में वर्ष 2027 में प्रस्तावित हरिद्वार महाकुंभ के लिए दो सौ करोड़ ही स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही, पहले दिन पेश किए गए कुल नौ विधेयक भी पास हो गए।

सत्र की सबसे चर्चित उपलब्धियों में से एक रही अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक। इसके पारित होने के बाद अब न केवल मुस्लिम, बल्कि सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई और पारसी समुदायों द्वारा संचालित संस्थानों को भी अल्पसंख्यक शिक्षा संस्थान का दर्जा मिलेगा। सदन ने धर्मांतरण विरोधी विधेयक को भी मंजूरी दी। अब इसमें डिजिटल धर्मपरिवर्तन को भी अपराध की श्रेणी में रखा गया है और इसके लिए सजा का प्रावधान किया गया है। सत्र में समान ...शेष पृष्ठ 14 पर

# राधाकृष्णन ने दाखिल किया नामांकन पत्र

## उपराष्ट्रपति चुनाव : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य वरिष्ठ नेता रहे उपस्थित



नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी. पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

नामांकन पत्र दाखिल करने गए राधाकृष्णन के साथ राजग के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा महासचिव पी. सी. मोदी को नामांकन पत्रों के चार सेट सौंपे, जो उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी हैं। नामांकन पत्रों के चार सेट में मोदी, सिंह, शाह और जनता दल (यूनाइटेड) नेता राजीव रंजन सिंह मुख्य प्रस्तावक हैं। उपराष्ट्रपति पद के संभावित उम्मीदवार के नामांकन पत्र पर कम से कम 20 निर्वाचकों द्वारा प्रस्तावक और कम से कम 20 अन्य निर्वाचकों द्वारा अनुमोदक के रूप में हस्ताक्षर करना आवश्यक होता है। राजग ने दाखिल किए गए नामांकन पत्रों के चार सेट में प्रस्तावक और अनुमोदक के रूप में अपने सभी घटकों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया है। निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन पत्रों की जांच की जिसके बाद राधाकृष्णन ने एक रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद निर्वाचन अधिकारी ने प्रधानमंत्री को नामांकन पत्रों की पावती पर्ची सौंपी। मोदी, शाह, वरिष्ठ मंत्री प्रह्लाद जोशी, धर्मेंद्र प्रधान और राजग के अन्य नेताओं में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) नेता और केंद्रीय मंत्री के. राम मोहन नायडू, शिवसेना नेता श्रीकांत शिंदे, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास पासवान) नेता चिराग पासवान शामिल थे। सभी नेताओं के साथ राधाकृष्णन संसद भवन स्थित निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय तक गए। इससे पहले, राधाकृष्णन ने संसद परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर महात्मा गांधी और अन्य राष्ट्रीय नेताओं को श्रद्धांजलि दी। प्रेरणा स्थल में प्रतिष्ठित हस्तियों की प्रतिमाएं स्थापित हैं। उन्होंने सबसे पहले ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- 86 लाख किसानों का सरकार ने किया कर्जमाफ (पृष्ठ-03)
- निजी औद्योगिक पार्कों को मिलेगा बड़ा प्रोत्साहन (पृष्ठ-03)
- रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 87.07 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- जीएसटी पर राज्यों के साथ सहमति बनाने के प्रयास करेगा केंद्र (पृष्ठ-14)
- संगठित क्षेत्र में नौकरियां बढ़ीं (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** सरकार ने दी सभी 18 मंडलों में खाद की उपलब्धता व बिक्री की जानकारी, 42.64 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की बिक्री

# यूपी में खाद की किल्लत नहीं, कालाबाजारी पर योगी सख्त

विशेष संवाददाता



लखनऊ। योगी सरकार ने एक बार फिर साफ किया है कि प्रदेश में कहीं भी उर्वरकों की दिक्कत या कमी नहीं है। किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। सरकार ने खाद के अनावश्यक भंडारण न करने की अपील की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों से अपील की कि खाद का भंडारण न करें। जितनी आवश्यकता है, उतना खाद लें, जब-जब आवश्यकता है, तब-तब खाद लें। हर जनपद में शिकायत प्रकोष्ठ है। किसी भी परेशानी की स्थिति में अवगत कराएं। मुख्यमंत्री ने उर्वरक की ओवररेटिंग, कालाबाजारी करने वालों को कड़ी चेतावनी भी दी है। उन्होंने जनपद में तैनात अधिकारियों को समय-समय पर निरीक्षण करने, किसानों से संवाद स्थापित करने और समस्याओं का निस्तारण करने का निर्देश दिया है। कृषि विभाग ने बताया कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। कृषि विभाग ने सभी 18 मंडलों में खाद की उपलब्धता व बिक्री की जानकारी दी। खरीफ सत्र 2024 में इस अवधि (18 अगस्त) तक 36.76 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की बिक्री हुई थी, वहीं इस वर्ष अब तक 42.64 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की बिक्री की जा चुकी है। प्रदेश में पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अभी तक अधिक खाद वितरण किया जा चुका है। विगत वर्ष 27.25 लाख मीट्रिक टन यूरिया वितरण हुआ था, इस वर्ष अभी तक 31.62 लाख मीट्रिक टन वितरण किया जा चुका है। डीएपी 2024 में वितरण 5.28 लाख मीट्रिक टन का रहा, इस वर्ष यह बिक्री 5.38 लाख मीट्रिक टन हुई। एनपीके उर्वरक (नाइट्रोजन, फॉस्फोरस व पोटेशियम मिश्रण) का वितरण विगत वर्ष 2.07 लाख मीट्रिक टन रहा, इस वर्ष 2.39 लाख मीट्रिक टन वितरण किया जा चुका है। एमओपी (म्यूरेट ऑफ पोटाश) 0.25 लाख मीट्रिक टन के सापेक्ष इस वर्ष 0.46 लाख मीट्रिक टन वितरित हुआ। वहीं एसएसपी (सिंगल सुपर फॉस्फेट) का वितरण 2024 में 1.91 लाख मीट्रिक टन रहा, इस वर्ष किसानों को 2.79 लाख मीट्रिक टन वितरण किया जा चुका है। खाद की उपलब्धता की बात करें तो यूरिया 18 अगस्त ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भिड़ंत के बाद दो वाहनों में लगी आग, तीन जिंदा जले

जिला संवाददाता

उन्नाव । उन्नाव जिले में बुधवार तड़के दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर के बाद उनमें आग लग गई, जिससे तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, यह हादसा तड़के करीब तीन बजे बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में हरदोई-उन्नाव मार्ग पर मरी कंपनी मोड़ के पास उस वक्त हुआ जब उन्नाव से हरदोई की ओर जा रहे एक डंपर की हरदोई से उन्नाव की ओर आ रही डीसीएम से टक्कर हो गई, जिसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। थाना प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल और दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद छह बजे आग पर काबू पाया गया। हादसे में कानपुर देहात निवासी डंपर चालक पवन यादव, जालौन निवासी उसका सहायक सुमित, और संभल निवासी डीसीएम चालक महिपाल की जलकर मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि डीसीएम चालक का सहायक संभल निवासी सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद गंजमुरादाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग की लपटें इतनी तेज ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# रायबरेली में अखिलेश सिंह की पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब, मूर्ति अनावरण में मंत्रियों ने की शिरकत

हरीशानन्द मिश्र

**रायबरेली।** रायबरेली की धरती के जननायक और पूर्व विधायक अखिलेश सिंह की छठवीं पुण्यतिथि पर उनके प्रति अपार श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करने के लिए हजारों की संख्या में लोग एकत्र हुए। इस अवसर पर उनके पैतृक गांव लालूपुर चौहान सहित विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया गया। स्वर्गीय अखिलेश सिंह की मूर्ति का अनावरण भी किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के कई कद्दावर मंत्रियों ने हिस्सा लिया।





आयोजित पुण्यतिथि समारोह में लोगों ने नम आंखों से अपने प्रिय नेता को याद किया। इस दौरान उनकी बेटी और रायबरेली सदर से बीजेपी विधायक अदिति सिंह, उनकी मां वैशाली सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित की। अदिति सिंह ने कहा, मेरे पिता को लोग गरीबों के मसीहा के रूप में याद करते हैं। उनकी पुण्यतिथि पर इतनी बड़ी संख्या में लोगों का आना उनके प्रति जनता के अटूट प्रेम को दर्शाता है। स्व. अखिलेश सिंह ने रायबरेली सदर विधानसभा क्षेत्र में पांच बार विधायक रहते हुए क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी दबंग छवि के साथ-साथ एक मददगार नेता के रूप में पहचान थी, जिसके कारण वे जनता के बीच बेहद लोकप्रिय थे। समारोह में उपस्थित मंत्रियों और गणमान्य व्यक्तियों ने उनके विकास कार्यों की सराहना की और कहा कि उन्होंने रायबरेली को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। श्रद्धांजलि देने वालों में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी शामिल थे, जिन्होंने दुखी मन से अपने जननायक को याद किया। अखिलेश सिंह के कार्यों को याद करते हुए लोगों ने उनके द्वारा किए गए सामाजिक और बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों को सराहा। उनकी स्मृति में आयोजित इस समारोह ने एक बार फिर साबित कर दिया कि स्वर्गीय अखिलेश सिंह आज भी लोगों के दिलों में जीवित हैं। इस अवसर पर स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी अखिलेश सिंह के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हुए लोगों ने उनके आदर्शों को जीवित रखने का प्रण लिया। यह आयोजन न केवल उनकी स्मृति को श्रद्धांजलि था, बल्कि उनके द्वारा स्थापित जनसेवा के मूल्यों को पुनर्जन्म का भी अवसर बना। उक्त कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के कैम्पों के माध्यम से योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को सीधे दिलाया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 6 लाभार्थियों को चाबी वितरण, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 4 लाभार्थियों को चाबी वितरण, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 3 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण, 15 स्वयं सहायता समूहों को सीसीएल /सीआईएफ के डेमों बैंक चेक वितरण, सीएम युवा स्वरोजगार योजना अन्तर्गत 5 लाभार्थियों को डेमो बैंक चेक वितरण, सीएम युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत 5 लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरण, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत 5 किसानों को डीजल पम्प सेट व प्रमाण पत्र वितरण, नेत्र शिविर के 1687 लाभार्थियों को चश्मा वितरण सतगुरू नेत्र चिकित्सालय संस्था द्वारा, विभिन्न कैडरों व अजीविका गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरण, 10 सफाई कर्मियों को शॉल व प्रशस्ति पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया। कक्षा 10 की 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल, कक्षा 12 की 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल, 35 दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल, 3 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, एक दिव्यांग को स्मार्ट केन का वितरण किया गया।

**जननायक स्व. अखिलेश सिंह की पुण्यतिथि पर मूर्ति अनावरण कार्यक्रम सम्पन्न :** जनपद के गौरव, गरीबों के मसीहा, पूर्व विधायक स्व. अखिलेश सिंह जी की छठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज अमावां ब्लाक कार्यालय, तकिया चैराहा रायबरेली में मूर्ति अनावरण, भव्य श्रद्धांजलि सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।

## अखिलेश सिंह को याद कर नम हुईं सदर विधायक अदिति सिंह और उनकी मां वैशाली सिंह की आंखें

समारोह में जब वक्ताओं ने अखिलेश सिंह के जीवन के संघर्षों, उनके साहस और जनता के प्रति उनके प्रेम को बयां किया, तो वहां मौजूद उनकी बेटी अदिति सिंह और पत्नी वैशाली सिंह की आंखें भर आईं। अदिति सिंह, जो वर्तमान में रायबरेली सदर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक हैं, ने अपने पिता की विरासत को याद करते हुए कहा, मेरे पिता न केवल मेरे लिए, बल्कि पूरे रायबरेली के लिए एक प्रेरणा थे। उनकी कमी हमेशा खलेगी, लेकिन उनके दिखाए रास्ते पर चलकर मैं उनकी सेवा और समर्पण की भावना को जीवित रखने का प्रयास करूंगी। वहीं, अमावां ब्लॉक प्रमुख वैशाली सिंह ने भी अपने पति की स्मृति में आयोजित इस समारोह में भावुक होकर कहा, अखिलेश जी का जीवन जनता के लिए था। वे हमेशा दूसरों के दुख-दर्द को अपना मानकर उनकी मदद करते थे। आज हम सब उनकी स्मृति को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेते हैं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्यजन तथा समर्थक सम्मिलित हुए और स्व. अखिलेश सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विशेष रूप से सम्मिलित अतिथि धर्मपाल सिंह, संगठन महामंत्री, संजय राय प्रदेश महामंत्री, राकेश सचान, प्रभारी मंत्री व कैबिनेट मंत्री, मयंकेश्वर शरण सिंह, राज्य मंत्री, प्रतिभा शुक्ला, राज्य मंत्री, का स्वागत एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर वैशाली सिंह (धर्मपत्नी स्व. अखिलेश सिंह, ब्लाक प्रमुख अमावां) एवं विधायक अदिति सिंह द्वारा अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधियों में अशोक कोरी विधायक सलोन, राम लाल अकेला पूर्व विधायक बछरावां, राजा राकेश प्रताप सिंह पूर्व विधान परिषद सदस्य, विवेक विक्रम सिंह अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक तथा धीरेंद्र बहादुर सिंह पूर्व विधायक सरेनी, बुद्धीलाल पासी, सुशील शर्मा, रामदेव पाल, दिलीप यादव, राघवेन्द्र सिंह, विजय बाजपेयी, आरबी सिंह, देवेन्द्र बहादुर सिंह, आशुतोष पांडेय एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, कमल श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

देश के 79 वां स्वतंत्रता दिवस पर सभी को शुभकामनाएं
1. जनहित में अनावश्यक जल बेकार न बहने दें।
2. नहरों को साफ सुथरा रखने में सहयोग दें।
3. नहरों का कटान न करें, कानून अपराध है।
हम उत्तर प्रदेश शासन के मनसा अनुसार जनहित में सेवारत है
इं. राजाराम चौधरी अधिशासी अभियंता
लघु डाल, नहर प्रखंड मीरजापुर, उत्तरप्रदेश

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 79 वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जितेंद्र कुमार सिंह
जिला खान अधिकारी
मीरजापुर

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 79 वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हम शासन की मनसा अनुसार ग्राम पंचायत के विकास हेतु जन सेवा में तत्पर हैं



बलिराम यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सेमरा बलौहा,
पोस्ट मेवली जिला-मीरजापुर
नगर ब्लॉक सिटी मीरजापुर

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 79 वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



विनोद कुमार पाण्डेय
जिला-मीरजापुर



कार्यालय नगर पालिका परिषद कुशीनगर, जनपद-कुशीनगर





सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 79 वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हम शासन की मनसा अनुसार ग्राम पंचायत के विकास हेतु जन सेवा में तत्पर हैं
सिनोद प्रजापति-(प्रधान प्रति)
पूनम प्रजापति-ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खजुरी
विकास खण्ड नगर मीरजापुर

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 79 वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हम शासन की मनसा अनुसार ग्राम पंचायत के विकास हेतु जन सेवा में तत्पर हैं



शिल्पा यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खुटहा मौनस
नगर ब्लॉक सिटी मीरजापुर

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 79 वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. सी.बी. जायसवाल
एमबीबीएस एमडी
डॉ. मृदुला जायसवाल
(बाल रोग एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ)
* हम अपने निम्न प्रतिष्ठान के साथ जन सेवा में तत्पर हैं।
* कृष्णा हास्पिटल (ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध) स्थित मिशन कम्पाउण्ड मीरजापुर।
* नेशनल डायग्नोस्टिक सेंटर (हर प्रकार की जांच, डिजिटल एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउण्ड सुविधा युक्त) जिला चिकित्सालय के सामने कचहरी रोड मीरजापुर।

# 86 लाख किसानों का सरकार ने किया कर्ज माफ : शाही

## खाद वितरण में अनियमिता पाये जाने पर सीतापुर, बलरामपुर और श्रावस्ती के जिला कृषि अधिकारियों को किया गया है निलंबित : कृषिमंत्री


विशेष संवाददाता (vol)

- अखिलेश के समय आत्महत्या को मजबूर होते थे किसान
- यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अखिलेश पर साधा निशाना
- बोले– सपा सरकार में न बोआई कर पाते थे किसान, न मिलता था न्यूनतम समर्थन मूल्य
- प्रदेश में खाद–यूरिया की कोई कमी नहीं
- जमाखोरी, कालाबाजारी और तस्करी करने वालों के खिलाफ कसा जा रहा शिकंजा
- अनियमिता पाए जाने पर अबतक 1196 फुटकर विक्रेताओं के लाइसेंस किये गये निरस्त

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को किसानों के बारे में बोलने का कोई हक नहीं है। उनके शासनकाल में किसान न तो समय से बोआई कर पाते थे और न ही उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की सुविधा मिलती थी। उस दौर में कर्ज में डूबे 86 लाख किसानों के 36 हजार करोड़ रुपये योगी सरकार को माफ करने पड़े। यदि सपा सरकार इतनी ही किसान हितैषी थी तो किसानों को आत्महत्या क्यों करनी पड़ी।

**कालाबाजारी और जमाखोरी पर सरकार कस रही शिकंजा :** कृषि मंत्री ने साफ कहा कि प्रदेश में खाद और यूरिया की कोई कमी नहीं है। दिक्कत केवल जमाखोरी, कालाबाजारी और तस्करी करने वाले तत्व पैदा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 1196 फुटकर विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त किए जा चुके हैं। 132 थोक विक्रेताओं को नोटिस, 13 को निलंबन और 4 का लाइसेंस रद्द किया गया है। 93 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। सीतापुर, बलरामपुर और श्रावस्ती के जिला कृषि अधिकारियों को निलंबित किया गया है। वहीं, महाराजगंज और सिद्धार्थनगर जैसे सीमावर्ती जिलों में बड़ी संख्या में ऐसे लोग पकड़े गए हैं जिन्होंने बिना जोत के ही दर्जनों बोरी यूरिया उठा ली। मंत्री ने चेतावनी दी कि ऐसे माफियाओं को बख्शा नहीं जाएगा।

**किसानों को हर हाल में मिलेगी खाद :** सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि राज्य सरकार हर किसान को समय से खाद और बीज उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह सक्रिय है। फिलहाल



प्रदेश में 15 लाख 91 हजार मीट्रिक टन विभिन्न प्रकार के फर्टिलाइजर उपलब्ध हैं। खरीफ 2024 में अब तक 32 लाख 7 हजार मीट्रिक टन खाद की बिक्री हुई है, जो पिछले साल की तुलना में साढ़े चार लाख मीट्रिक टन अधिक है। उन्होंने कहा कि 15 से ज्यादा जनपदों में 10 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा यूरिया की खपत हुई है, फिर भी कहीं कमी नहीं होने दी गई।

**रबी सीजन के लिए सरकार ने किये हैं बड़े इंतजाम :** कृषि मंत्री ने बताया कि रबी 2025-26 सीजन के लिए इस बार 138.78 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खेती का लक्ष्य तय किया गया है। पिछले वर्ष 132.86 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में रबी की बुवाई हुई थी। इस बार 4 लाख हेक्टेयर का विस्तार किया जाएगा। किसानों को 10 लाख क्विंटल अनुदानित बीज उपलब्ध कराया जाएगा। गेहूं, जौ, मक्का, राई और अलसी समेत दलहन-तिलहन के बीज किसानों तक पहुंचाए जाएंगे। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए लगभग 12.80 लाख मिनी किट भी उपलब्ध कराई जाएगी। गन्ना किसानों को गन्ने के साथ ही दलहन-तिलहन की बोवाई के लिए प्रेरित किया जाएगा और उन्हें निःशुल्क बीज उपलब्ध कराई जाएगी।

**फर्टिलाइजर की मांग और सब्सिडी की दी जानकारी :** शाही ने कहा कि रबी सीजन के लिए 41 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 17 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 7.08 लाख मीट्रिक टन एनपी, 1.78 लाख मीट्रिक टन एसएसपी और 2 लाख मीट्रिक टन पोटाश की मांग भारत सरकार से की जाएगी। उन्होंने बताया कि यूरिया पर केंद्र सरकार 1908 रुपये प्रति बोरी तक सब्सिडी दे रही है और किसानों को मात्र 266.50 रुपये में उपलब्ध कराया जा रहा है। अगर यह सब्सिडी न हो तो यूरिया की कीमत 2200 रुपये तक पड़ती। डीएपी, एनपी, एसएसपी और पोटाश पर भी सरकार बड़ी मात्रा में सब्सिडी दे रही है ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**खाद्यान उत्पादन और जीएसवीए में रिकॉर्ड बढ़ोतरी :** कृषि मंत्री ने दावा किया कि समय से खाद, बेहतर बीज और सिंचाई सुविधाओं के कारण प्रदेश का खाद्यान्न उत्पादन पिछले वर्षों की तुलना में करीब 200 लाख मीट्रिक टन बढ़ा है। इस समय यह 737 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच चुका है। गन्ना उत्पादन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। किसानों की बढ़ी पैदावार का असर प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है। कृषि क्षेत्र से जुड़े जीएसवीए में जबरदस्त उछाल आया है, जो सपा शासन के दौरान दो लाख करोड़ रुपये था और अब बढ़कर सात लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

**किसानों को किया आश्वस्त :** प्रेस वार्ता के अंत में सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि किसानों को किसी भी हाल में निराश नहीं होने दिया जाएगा। राज्य सरकार और प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना है। सीमावर्ती जिलों में खाद की तस्करी रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने दोहराया कि असली किसानों को

- हाई प्राइज और टैगिंग करने वाले 132 थोक विक्रेताओं को नोटिस, 13 के लाइसेंस सस्पेंड और 4 के रद्द : कृषि मंत्री
- खाद–यूरिया की कालाबाजारी करने वाले 93 लोगों के खिलाफ दर्ज किये गये हैं मुकदमे
- सीमावर्ती जनपदों में बढ़ाई गई है चौकसी, खाद–यूरिया के तस्करों और माफिया को बख्शा नहीं जाएगा
- रबी 2025–26 सीजन के लिए इस बार 138.78 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खेती का लक्ष्य
- प्रदेश में 15 लाख 91 हजार मीट्रिक टन विभिन्न प्रकार के फर्टिलाइजर उपलब्ध

किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी, लेकिन जमाखोरी, कालाबाजारी और तस्करी करने वाले माफियाओं को हर हाल में सख्त कार्रवाई झेलनी पड़ेगी। पत्रकार वार्ता के दौरान राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख और कृषि विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# 16 सितम्बर से शुरू होगा विशेष अभियान किसानों की 100% रजिस्ट्री का लक्ष्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री को लेकर बड़ा अभियान शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 16 सितम्बर, 2025 से प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जिलाधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति पर प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। राजस्व विभाग को निर्देश दिया गया है कि राजस्व अधिकारियों को मानक कार्यप्रणाली (एसओपी) उपलब्ध कराई जाए, ताकि अधिकार अभिलेख में मालिकों के नाम को आधार के अनुसार सही किया जा सके।

- डीएम करेंगे प्रतिदिन समीक्षा, पिछड़ रहे जिलों पर रहेगा विशेष फोकस
- किसानों की फार्मर रजिस्ट्री में अब तक जनपद बिजनौर सबसे आगे

**फार्मर रजिस्ट्री में बिजनौर सबसे आगे :** प्रदेश में कुल 2.88 करोड़ से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य रखा गया है। इसके सापेक्ष अब तक 50 प्रतिशत से अधिक लगभग 1.45 करोड़ किसानों की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है। किसानों की फार्मर रजिस्ट्री में अब तक बिजनौर जिला सबसे आगे है, जहां 58% से अधिक रजिस्ट्री पूर्ण हो चुकी है। इसके बाद हरदोई (57.84%), श्रावस्ती (57.47%), पीलीभीत (56.89%) और रामपुर (56.72%) टॉप-5 जिलों में शामिल हैं। जो किसान अभी तक रजिस्ट्री का हिस्सा नहीं हैं, उनके डाटा का फील्ड ऑफिसर्स द्वारा वेरिफिकेशन किया जा रहा है। इसमें अमरोहा, आजमगढ़, बलरामपुर, एटा और जौनपुर जैसे जिलों में 100 प्रतिशत वेरिफिकेशन पूरा हो चुका है।

**पीएम किसान योजना में 100) पंजीकरण पर जोर :** योगी सरकार ने जिलाधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों का 100% पंजीकरण अगली किस्त जारी होने से पहले पूरा हो। इसके साथ ही सभी जिलाधिकारियों को व्यापक आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) गतिविधियां चलाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

अधिकारियों को विशेष रूप से चेताया गया है कि पिछड़ रहे जिलों पर विशेष ध्यान दिया जाए और लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए जाएं।

# फुटवियर-लेदर नीति 2025 : निजी औद्योगिक पार्कों को मिलेगा बड़ा प्रोत्साहन

- निवेश बढ़ाने और रोजगार सृजन के लिए वित्तीय सहायता और टैक्स में छूट का प्रावधान
- 25 से 100 एकड़ तक के पार्कों को 45 करोड़ तक मिलेगी आर्थिक सहायता
- 100 एकड़ से बड़े औद्योगिक पार्कों को 80 करोड़ रुपए तक मिलेगा प्रोत्साहन
- औद्योगिक पार्कों के जरिये हजारों युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर
- फुटवियर और लेदर सेक्टर को मिलेगी वैश्विक पहचान, यूपी बनेगा निवेश का नया केंद्र

### कैसा होना चाहिए निजी औद्योगिक पार्क?

- न्यूनतम 25 एकड़ भूमि पर विकसित होना अनिवार्य।
- प्रत्येक पार्क में कम से कम 5 औद्योगिक इकाइयां होंगी।
- कोई भी इकाई 80) से अधिक भूमि का उपयोग नहीं कर सकेगी।
- कुल क्षेत्रफल का 25) हिस्सा हरियाली और सामान्य अवसंरचना के लिए सुरक्षित रखना होगा।
- 25 एकड़ से 100 एकड़ तक के पार्कों का निर्माण 5 वर्षों में पूर्ण करना होगा।
- 100 एकड़ एवं इससे अधिक के पार्कों का निर्माण 6 वर्षों में पूर्ण करना होगा।

### कितनी वित्तीय सहायता मिलेगी?

- 25 से 100 एकड़ तक के पार्क : पात्र पूंजी निवेश का 25) या अधिकतम 45 करोड़।
- 100 एकड़ से बड़े पार्क : पात्र पूंजी निवेश का 25) या अधिकतम 80 करोड़।
- सभी पार्क विकासकताओं को 100) स्टाम्प शुल्क में छूट।

### किस पर नहीं मिलेगा लाभ?

- भूमि की खरीद लागत।
- ईंधन, वाहन, फर्नीचर, पुरानी मशीनरी।
- अन्य सेवा शुल्क।

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने फुटवियर, लेदर और नॉन लेदर क्षेत्र विकास नीति-2025 के तहत सबसे ज्यादा फोकस निजी औद्योगिक पार्कों पर किया है। इन पार्कों को निवेश बढ़ाने और रोजगार सृजन के लिए बड़े पैमाने पर वित्तीय सहायता और टैक्स में छूट दी जाएगी। सरकार ने नीति में स्पष्ट किया है कि ऐसे पार्कों को विकसित करने वाले डेवलपर्स को 25 प्रतिशत पात्र पूंजी निवेश या अधिकतम राशि के रूप में वित्तीय सहायता दी जाएगी। यह मदद पार्क के आकार के अनुसार होगी।

**सरकार की मंशा, रोजगार के साथ मिले वैश्विक पहचान :** इस नीति के जरिये सरकार चाहती है कि राज्य में बड़े पैमाने पर निजी औद्योगिक पार्कों की स्थापना हो। ऐसे पार्कों के जरिये हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। फुटवियर और लेदर सेक्टर को वैश्विक पहचान मिलेगी। यूपी निवेश का नया केंद्र बनेगा। यह नीति अधिसूचना जारी होने की तिथि से 5 साल तक प्रभावी रहेगी। इसके तहत सभी नए प्रोजेक्ट, विस्तार या विविधीकरण करने वाले औद्योगिक उपक्रम वित्तीय प्रोत्साहनों के पात्र होंगे। पात्र औद्योगिक इकाइयों में कंपनी, साझेदारी, सोसाइटी, ट्रस्ट और निजी उपक्रम शामिल होंगे। वित्तीय सहायता केवल बुनियादी ढांचा विकास पर खर्च की जा सकेगी। इसमें सड़क, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज, ड्रेनेज, बाउंड्री वॉल, पावर सप्लाई, जल आपूर्ति, बैंकिंग सुविधाएं, वेयरहाउस, होटल, हॉस्पिटल, ट्रेड फेयर/डिस्प्ले सेंटर, ट्रांसपोर्ट सुविधा और स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट जैसे कार्य शामिल होंगे।

# भाजपा सरकार 18 हजार शपथपत्र के सही जवाब नहीं देना चाहती : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को बयान जारी कर कहा है कि उत्तर प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनावों में नाम काटने को लेकर समाजवादी पार्टी ने जो 18 हजार शपथपत्र दिये थे, भाजपा सरकार उनमें से एक का भी जवाब सही तरीके से देना नहीं चाहती है।

जिलाधिकारी को आगे करके चुनाव आयोग बच नहीं सकता। इस मामले की गहन जांच-पड़ताल हो। डीएम साहब दिखाएं कि नाम काटते समय जो मृतक प्रमाणपत्र लगाए गये थे वो कहां हैं। अगर ये झूठे नहीं है तो ये सफाई देने में इतने साल क्यों लग गये?

अखिलेश यादव ने कहा कि डीएम लोगों से जनता का एक सवाल है, क्यों इतने सालों बाद जवाब आया है? उन्होंने कहा कि जिस तरह कासगंज, बाराबंकी, जौनपुर के डीएम हमारे 18,000 शपथपत्रों के बारे में अचानक अति सक्रिय हो गये हैं, उसने एक बात तो साबित कर दी है कि जो चुनाव आयोग कह रहा था कि एफिडेविट की बात गलत है मतलब एफिडेविट नहीं मिले, उनकी वो बात झूठी निकली। अगर कोई एफिडेविट मिला ही नहीं, तो ये जिलाधिकारी लोग जवाब किस बात का दे रहे हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि सतही जवाब देकर खानापूर्ति करने वाले इन जिलाधिकारियों की संलिप्तता की भी जांच होनी चाहिए। कोर्ट संज्ञान ले, चुनाव आयोग या डीएम में से कोई एक तो गलत है। जो सीसीटीवी पर पकड़े गये हों उनके द्वारा अपने घपलों पर दी गयी सफाई पर किसी को भी रत्ती भर विश्वास नहीं है। भाजपा सरकार, चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत वो चुनावी तीन तिगाड़ा है, जिसने सारा काम बिगाड़ा है और देश के लोकतंत्र पर डाका डाला है। अब जनता इस त्रिगुट की अदालत लगाएगी।

# युवाओं के कौशल विकास से आत्मनिर्भर भारत का निर्माण: पुलकित खरे


**लखनऊ।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत लखनऊ स्थित एल. एन. जे. इंस्टिट्यूट ऑफ स्किल्स एंड टेक्नोलॉजी के प्रशिक्षण केंद्र का उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन निदेशक पुलकित खरे ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिशन निदेशक ने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद स्थापित कर उनके अनुभव जाने तथा उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे प्रशिक्षण की गुणवत्ता का आकलन किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समर्पण और लगन के साथ कौशल विकास कर वे न केवल आत्मनिर्भर बनेंगे बल्कि समाज और प्रदेश की प्रगति में भी योगदान देंगे। उन्होंने युवाओं को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सदन की कार्यप्रणाली जनता की भागीदारी पर आधारित : सतीश महाना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने बुधवार को राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का विधान भवन में हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने देवनानी का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। इसके बाद उन्हें विधान भवन को देखाया और भवन के ऐतिहासिक वैभव, स्थापत्य सौंदर्य तथा लोकतांत्रिक गरिमा से परिचित कराया।

- राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष ने उप्र विधान सभा को देखा
- उप्र विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना से मिले राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी



अध्यक्ष महाना ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधान भवन केवल एक इमारत भर नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र की गौरवशाली परंपराओं और संविधान प्रदत्त मूल्यों का प्रतीक है। इसकी स्थापत्य कला, ऐतिहासिक गरिमा और कार्यप्रणाली जनप्रतिनिधियों को सदैव जनता की सेवा और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विधान सभा की दीर्घ संसदीय परंपराओं, कार्यसंस्कृति और लोकतांत्रिक यात्रा का भी विस्तृत परिचय कराया।

महाना ने कहा कि विधान सभा लोकतंत्र की उस प्रयोगशाला के समान है, जहां जनता की आकांक्षाएं नीतियों और कार्यक्रमों का रूप लेती हैं। सदन की कार्यप्रणाली, अनुशासन, पारदर्शिता और जनता की भागीदारी पर आधारित है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करती है। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधान भवन की भव्यता, स्थापत्य कला और गौरवशाली परंपराओं की सराहना करते हुए कहा कि यह अनुभव उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने उत्तर प्रदेश विधान सभा की संसदीय कार्यसंस्कृति और लोकतांत्रिक यात्रा के प्रति अपनी गहरी प्रशंसा व्यक्त की। इस अवसर पर दोनों अध्यक्षों के बीच संसदीय कार्यप्रणाली, नवाचार और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श भी हुआ। लोकतंत्र को और अधिक जनोन्मुख और सशक्त बनाने के लिए आपसी सहयोग और अनुभवों के आदान-प्रदान की आवश्यकता पर बल दिया गया। अध्यक्ष सतीश महाना ने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश और राजस्थान विधान सभा के बीच यह संवाद भविष्य में और अधिक प्रगाढ़ होगा तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर विधान सभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित भी रहे।

# हर घर तक निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो

## सभी अधिकारी नियमित रूप से फील्ड में जायें और उपभोक्ताओं से करें संवाद : एके शर्मा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा की अध्यक्षता में आज संगम सभागार में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट और कड़े निर्देश देते हुए कहा कि

- ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न
- 1912 पर आने वाली प्रत्येक शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें
- बार-बार खराब/जलने वाले ट्रांसफार्मर को अविलंब उच्चीकृत किया जाये

विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा एवं संतोष ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिजली आज आमजन के जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ विषय है। सरकार की मंशा है कि हर घर तक निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो, इसके लिए अधिकारियों को केवल दफ्तरों तक सीमित न रहकर फील्ड में सक्रियता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति देखें और उपभोक्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें।



ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने विशेष रूप से 1912 उपभोक्ता सेवा हेल्पलाइन का उल्लेख करते हुए कहा कि इस नंबर पर आने वाली हर शिकायत को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि शिकायतों की अनदेखी या लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जायेगी और ऐसी स्थिति में जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को फील्ड में निकलने के कड़े दिशा निर्देश दिए। बैठक में बार-बार जलने वाले ट्रांसफार्मरों की समस्या पर गहन चर्चा हुई। ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर बार-बार खराब होते हैं, उन्हें चिन्हित कर तुरंत ट्रांसफार्मर उच्चीकृत किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली बाधित होने की परेशानी से राहत मिले। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि विभागीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता लाकर उपभोक्ताओं का भरोसा जीता जाए। उपभोक्ता यदि संतुष्ट हैं, तभी विभाग की कार्यप्रणाली को सफल कहा जाएगा।

ए.के. शर्मा ने निर्देश दिए कि विभाग का उद्देश्य केवल बिजली आपूर्ति करना नहीं है, बल्कि उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, सुरक्षित और सतत सेवा उपलब्ध कराना है। सरकार जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रही है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव नरेंद्र भूषण, चेयरमैन आशीष गोयल, पंकज कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा सभी एमडी व जनपद स्तरीय अधिकारी ऑनलाइन उपस्थित रहे।



संक्षेप

## नारायणा गुरु ने शिक्षा को मुक्ति का मार्ग बताया

**देवरिया।** दक्षिण भारत के महान बहुजन वादी संत नारायण गुरु ने शोषित पीड़ित समाज से आह्वान करते हुए कहा की कि शिक्षित हो जाओ, ताकि तुम्हें स्वतंत्रता मिल सके। संगठित करो, ताकि तुम शक्तिशाली हो सको और परिश्रम करो, ताकि तुम्हारी आर्थिक स्थिति सुधर सके। उनके ये शब्द सिर्फ उपदेश नहीं बल्कि एक सामाजिक क्रांति की नींव रखने वाले साबित हुए, उक्त उद्गार नारायणा गुरु की जयंती पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि नारायणा गुरु की शिक्षा सदैव प्रासंगिक रहेगी। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि नारायणा गुरु का जीवन एक प्रकाश-स्तंभ है जो आज भी हमें जाति, धर्म और भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता, समता और करुणा की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। उक्त अवसर पर उपस्थित मुस्तकीम, सुरेश नारायण सिंह यादव, व्यास यादव, अभिषेक गोंड, अविनाश यादव मुरारी, संतोष मद्धेशिया आदि ने महान संत नारायणा गुरु को उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

## बांकेबिहारी के दर्शन करने जा रही महिला की मौत

**मथुरा।** वृंदावन ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर दर्शन करने जा रही एक श्रद्धालु महिला की रास्ते में अचानक तबीयत बिगड़ गई। स्वजन उसे जिला संयुक्त चिक्तिसालय लेकर पहुंचे जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नागपुर के थाना वरडी निवासी 71 वर्षीय प्रेमा देवी पति उद्योगपति राजेश कुमार अग्रवाल और स्वजन के साथ वृंदावन के श्रीहित आश्रम में चल रही श्रीमद भागवत कथा सुनने के लिए आई थीं। मंगलवार को श्रीमद भागवत का समापन हो जाने के बाद बुधवार सुबह परिवार नागपुर जाने की तैयारी कर रहा था। नागपुर जाने से पहले श्रद्धालु महिला परिवार के साथ बुधवार सुबह ठाकुर बांकेबिहारी दर्शन करने के लिए आ रही थी। तभी कन्हाई चित्रकार की गली में अचानक महिला श्रद्धालु की तबीयत खराब हो गई। स्वजन उन्हें लेकर जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचे, यहां मृत घोषित कर दिया। विदित रहे कि यह परिवार 13 अगस्त को वृंदावन कथा का श्रवण करने के लिए आया था।

## बांकेबिहारी मंदिर के लिए अध्यादेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई टली

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मथुरा स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण के लिए एक न्यास का गठन करने संबंधी अध्यादेश की वैधता को चुनौती देने वाली रिट याचिका पर सुनवाई बुधवार को स्थगित कर दी। अदालत में बुधवार को जब इस मामले की सुनवाई शुरू हुई तो राज्य सरकार की ओर से हलफनामा दायर कर कहा गया कि राज्य की विधायिका द्वारा उक्त अध्यादेश के संबंध में एक विधेयक पारित किया गया है, जिस पर राज्यपाल की मंजूरी प्रतीक्षारत है। न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना की पीठ ने राज्य सरकार की ये दलील सुनने के बाद मामले की सुनवाई स्थगति करने का आदेश दिया ताकि याचिकाकर्ता उक्त कानून को चुनौती दे सके या फिर लंबित रिट याचिका में संशोधन की अर्जी दायर कर सके। बांके बिहारी जी और दो अन्य लोगों ने यह याचिका दायर की है।

# छांगुर बाबा का कनेक्शन कुशीनगर में, 13 पर केस दर्ज

- रफीक, नौशाद व आलमगीर समेत कई लोगो ने अनामिका के साथ मुंह काला किया, छांगुर ने कराया धर्म परिवर्तन

**कुशीनगर।** अपने अवैध कमाई मे से कुछ अंश दान-पुण्य और गरीब-असहायो की मदत कर गरीबो का मसीहा बनने वाला रेडहिल रियल स्टेट का मालिक आलमगीर का खौफनाक चेहरा सामने आया है जो सोशल मीडिया पर खूब प्रसारित हो रहा है। वीडियो में अपनी आप बीती सुनाते हुए पीड़िता सरेआम बोल रही है कि आलमगीर अंसारी ने उसे न सिर्फ हवस का शिकार बनाया बल्कि उसकी मजबूरी का फायदा उठाते हुए, अनवरत कई बार उसके के साथ मुंह काला किया। इतना ही नही जाली नोट के आरोप मे जेल की हवा खा चुका तमकुहीराज निवासी रफी खान उर्फ बबलू खान व नौशाद खान ने पीड़िता को बलरामपुर के उतरौला मे स्थित मजार पर ले गए, जहां जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा ने दबाव बनाकर अनामिका का धर्म परिवर्तन कराया और जोया खान नाम रखने के बाद नौशाद खान से उसकी निकाह करा दिया। सनसनीखेज खुलासा मंगलवार को लखनऊ में पीड़िता ने तब की, जब विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए मीडिया के सामने खडा किया।

बेशक! सूबे की राजधानी लखनऊ मे हुई इस खुलासे के बाद कुशीनगर पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत मे आ गयी। जिले के पुलिस कप्तान मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पीड़ित युवती के तहरीर पर पडरौना कोतवाली पुलिस ने जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा, उसकी सहयोगी नीतू रोहरा उर्फ नसरीन, नौशाद समेत तेरह लोगो पर धर्मांतरण, यौन उत्पीड़न, पॉक्सो समेत गंभीर धाराओं में न सिर्फ मुकदमा दर्ज कराया बल्कि पीड़िता का बयान दर्ज करने के लिए तमकुहीराज सीओ राकेश प्रताप सिंह को लखनऊ के लिए रवाना कर दिया।

**छांगुर का नेटवर्क कुशीनगर मे:-** बलरामपुर, लखनऊ के बाद छांगुर बाबा का नेटवर्क का तार कुशीनगर से भी जुडे होने की बात सामने आ रही है। अब तक के पुलिसिया जांच में जाली नोट कांड का आरोपी रफी उर्फ बबलू खान और नौशाद खान का कनेक्शन छांगुर बाबा से जुडा बताया जा रहा है वह दोनो छांगुर के इशारों पर काम करते थे।




**कार्यक्रम मे गेस्ट बनकर पहुंचा था रफीक, अनामिका को लिया झांसे में:-** जनपद के पडरौना कोतवाली अन्तर्गत निवासी 17 वर्षीय अनामिका हाईस्कूल की पढ़ाई कुशीनगर स्थित एक कॉलेज में कर रही थी। इसी दौरान कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत तमकुहीराज के गुदरी मोहल्ला निवासी रफी खान उर्फ बबलू से मुलाकात हुई। पीड़िता अनामिका के मुताबिक रफी खान उर्फ बबलू ने युवती का मोबाइल नंबर ले लिया और मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाकर नौकरी दिलाने के नाम पर वर्ष 2017 से यौन शोषण करने लगा। वर्ष 2018 में रफी खान उर्फ बबलू ने अनामिका की मुलाकात नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड नंबर-चार निवासी अपने मित्र नौशाद खान से कराई। इसके बाद नौशाद खान ने अनामिका को अपने प्रेम जाल में फंसाकर शादी करने प्रयास किया, लेकिन अनामिका ने इनकार कर दिया। फिर क्या कुछ महीने बाद रफी खान उर्फ बबलू खान व नौशाद खान ने अपने एक मित्र को साथ लेकर पीडित अनामिका को बलरामपुर के उतरौला में स्थित मजार पर ले गए, जहां जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा ने अनामिका पर दबाव बनाकर धर्म परिवर्तन कराया और जोया खान नाम रखकर नौशाद खान से निकाह करा दिया। इतना ही नही छांगुर ने पीड़िता अनामिका के ब्रेन वाश के लिए अपनी शिष्या नीतू रोहरा उर्फ नसरीन को लगाया। निकाह के बाद नौशाद खान पीड़िता को लेकर मुंबई चला गया और वहा उसका यौन शोषण करता रहा।

**नौशाद ने रेडहिल रियल स्टेट कम्पनी मे दिलाया काम:-** मुम्बई से लौटने के बाद नौशाद पीड़िता को काम दिलाने के लिए कसया नगर पंचायत के निवासी व रेडहिल रियल स्टेट कम्पनी के मालिक आलमगीर अंसारी के घर रखवा दिया जहां से पीड़िता को मिलने वाला वेतन भी नौशाद लेता था। पीडिता का आरोप है कि रियल स्टेट कारोबारी आलमगीर उसके साथ मुह काला करता रहा, जब इस बात की जानकारी अनामिका ने नौशाद को दी तो नौशाद ने यौन शोषण के बदले रेडहिल रियल स्टेट के मालिक आलमगीर अंसारी से मुआवजे के तौर पर मोटी रकम वसूल कर शान्त होगा। नतीजतन आलमगीर के साथ कम्पनी के अन्य लोगों ने भी उसका यौन उत्पीड़न किया।

**थाने का दीवान ने फाड दिया प्रार्थना पत्र:-** पीड़िता का आरोप है कि जनपद में जाली नोट कांड के आरोपी रफीक खान उर्फ बबलू की गिरफ्तारी हुई तो पीडिता रफीक के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र लेकर तमकुहीराज थाने पहुंची। वहां मौजूद दीवान ने पीडिता अनामिका की दास्तान सुने बगैर उसके हाथ से प्रार्थनापत्र लेकर फाड़ दिया और पीड़िता को नौशाद के घर ले गया, जहां पीडिता को बंधक बनाकर रखा गया। उसके बाद मे एक सिपाही ने पीडिता के साथ जबरिया मुंह काला किया। इस दरम्यान पीडिता अपने बचाव मे संघर्ष करती रही और अंत में उसे मरा समझकर नौशाद व उसके साथियों ने समउर रोड स्थित झरही नदी के किनारे फेंक दिया।

**13 लोगो के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा:-** पीड़िता के तहरीर पर पडरौना कोतवाली पुलिस ने रफीक खान उर्फ बबलू खान, नौशाद खान उर्फ नाटा नबाव, हाशीम खान, जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा, नीतू रोहरा उर्फ नसरीन, कसया स्थित रेडहिल रियल स्टेट के मालिक आलमगीर अंसारी, जमालुद्दीन, साहिल अंसारी, रितेश मिश्रा, तनवीर, इम्तियाज खान दीवान, इजहारूल खान एवं इशहाद खान के खिलाफ धारा 376(1), 376डी, 377, 342, 323,504, 120बी, 3,व 5(1) आदि संगीन धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है।

## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्मदिन पर मरीजों में फल वितरित किये



**देवरिया।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के अध्यक्षता में राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस जनों ने मरीजों और उनके तीमारदारों के बीच फल का वितरण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी सहित जिले के समस्त कांग्रेस जन मौजूद रहे। राजीव गांधी अमर रहे नारों के साथ कांग्रेस जनों ने राजीव गांधी को याद किया। इस दौरान विजय शेखर मल्ल ने योगी और मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री के तौर पर राजीव गांधी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। आज राजीव गांधी को भारत में कंप्यूटर क्रांति का जनक कहा जाता है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत के रूप में भी जाने जाते है। राजीव गांधी ने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, धर्मेंद्र सिंह, जयदीप त्रिपाठी, मुकुंद भास्कर मणि, कैलाश तिवारी, नार्गेंद्र शुक्ला, मिर्जा खुर्शीद, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, हरिहर त्रिपाठी, आनन्द श्रीवास्तव सोनू, अरविन्द शाही, अब्दुल जब्बार, जुलेखा खातून, सुभाष राय, जवाहरलाल बरनवाल, विजय शंकर मिश्र, आलोक त्रिपाठी राजन, रत्नेश मल्ल पिंटू, कुलदीप यादव, मानवेन्द्र तिवारी, शहनाज जफर, सच्चिदानंद मिश्रा, चंद वर्मा, विनोद दुबे, पन्नालाल पाठक, डॉ.एपी.सिंह आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने राजीव गांधी की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि व श्रद्धांजलि

**मथुरा।** सेठवाड़ा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर की अध्यक्षता में भारत के पूर्व युवा प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व राजीव गांधी जी की 81 वीं जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया

अध्यक्षता करते हुए मुकेश धनगर कहा कि आज हमारे बीच राजीव गांधी जी नहीं है अगर वह होते तो जो देश में कुछ सिरफिरे लोग जातिवाद सांप्रदायिकवाद व आतंकवाद फैला रहे हैं वह लोग इस देश में नहीं रह पाते राजीव गांधी के कुशल नेतृत्व में जब विश्व युद्ध की लहर बन रही थी ईरान, इराक और अमेरिका लड़ रहे थे तथा उन्होंने युद्ध बंद कराकर विश्व शांति का संदेश भारत से दिया भारत को 21वीं सदी में महान राष्ट्र की कल्पना संजोए श्री राजीव गांधी जी ने पंचायती राज की स्थापना कर ग्राम पंचायतों को मजबूत किया। राजीव गांधी की विघटनकारी शक्तियों ने षड्यंत्र के




तहत हत्या कर दी उनके बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा और राजीव गांधी जी ने युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मतदान देने का अधिकार दिया इसलिए सभी युवाओं का दायित्व है कि अपने प्रिय नेता राजीव गांधी जी की जयंती पर प्रतिज्ञा ले कि वह देश के मूल्यो की खातिर अपने को न्योछावर कर दें तभी हम राजीव गांधी जी को सच्चे अर्थों में याद कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने किया पुष्पांजलि देने वालों में सर्वश्री डॉ आशुतोष भारद्वाज महेश चैबे संदीप चैधरी रवि वाल्मीकि रमेश कश्यप दीपक दीक्षित अरनव चौधरी शैलेंद्र चौधरी सतीश राजोरिया धर्मेंद्र सिकरवार मोहित कुमार बलराम यादव अनिल खरे दिलशाद हर्ष कुमार जितेंद्र दिवाकर राजेश सिंह सुरेश शर्मा करण निषाद अशोक निषाद हरिशंकर शर्मा कसान रिजवी मुस्लिम कुरैशी मोनू चैधरी सरवन अहमद राकेश शुक्ला राजा गौतम सागर माहौर अनूप गौतम राजकुमार तिवारी बलबीर सिंह रज्जू कुरैशी आदि कांग्रेसीउपस्थित रहे।

## दुर्गा मंदिर निर्माण में बाधा पर बजरंग दल ने एसडीएम को दिया ज्ञापन



**तमकुहीराज, कुशीनगर।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पहुंचे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक वर्ग विशेष द्वारा देव स्थान एवं दुर्गा स्थान की भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने एसडीएम तमकुहीराज को पत्रक देकर मामले में आ रही बाधा को समाप्त कर निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की। बुधवार को तमकुहीराज तहसील मुख्यालय पहुंचे बजरंग दल के कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करने लगे। विरोध प्रदर्शन के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि तहसील क्षेत्र के भूलिया बाजार में स्थित देव स्थान एवं दुर्गा की भूमि पर पिछले 8 अगस्त को दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राजेश्वर सिंह ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू कराया था। लेकिन उसके बाद कुछ अराजक तत्वों द्वारा मंदिर निर्माण कार्य में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दिया कि तहसील प्रशासन द्वारा मामले का निराकरण कर अविलंब निर्माण कार्य नहीं शुरू कराया गया तो वह 23 अगस्त से खुद मौके पर खड़े होकर निर्माण कार्य संपन्न कराएंगे। विरोध प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर पहुंची एसडीएम आकांक्षा मिश्र को पत्रक देकर मामले में कारवाई की मांग की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष विनय कुमार, पिंटू गुप्ता, रंजित गुप्ता, संतोष, ज्वाला पटेल, पवन यादव, मधुसूदन, विवेक कुशवाहा, आनंद कुशवाहा, सुनील भारती आदि मौजूद रहे।

## यमुना का जलस्तर बढ़ा, कई स्थानों पर विद्युत आपूर्ति बाधित

**वृंदावन।** यमुना के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। जिसके चलते कई कॉलोनी में बाढ़ का पानी प्रवेश कर चुका है ऐसे में इन क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई है। पागल बाबा बिजली घर के क्षेत्रांतर्गत भक्ति विहार कॉलोनी के 250 केवीए के दो ट्रांसफॉर्मर यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से पूरी तरह जलमग्न हो जाने के कारण उनकी सप्लाई पूर्ण रूप से बंद कर दी गई है। भक्ति विहार कॉलोनी से पहले 100 केवीए ट्रांसफॉर्मर भी जलमग्न हो जाने के कारण पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है। वहीं श्री जी वाटिका कॉलोनी हेतु स्थापित 2 नग 250 केवीए ट्रांसफॉर्मर की एल टी लाइन का लगभग 50 प्रतिशत जलमग्न हो जाने के कारण लाइन को सेक्शन खोलकर लाइन से अलग कर दिया गया है। इसके साथ ही 400 केवीए ट्रांसफॉर्मर कालिंदी विहार का लगभग 40 प्रतिशत भाग जलमग्न होने के कारण जलमग्न क्षेत्र को चालू लाइन से अलग कर पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है। गउ घाट पर स्थापित 100 केवीए ट्रांसफॉर्मर की एलटी लाइन जलमग्न होने के कारण ट्रांसफॉर्मर की आपूर्ति को पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है। यमुनाजी का जल स्तर बढ़ने से लगभग 500 उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति सुरक्षा के दृष्टिगत बाधित है, जो यमुना के जल स्तर घटने पर ही सुचारू हो सकेगी। ऐसे में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है कि यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही यमुना किनारे लगे बिजली पैनल एवं ट्यूबवेल तक पानी आने के कारण कभी भी बंद किये जा सकते हैं। अतः पानी का भंडारण सुनिश्चित कर टंकियों को भरकर रखें।

## केमिकल टैंकर में लगी भीषण आग, दो दमकलकर्मी झुलसे

**मथुरा।** जयपुर-बरेली हाईवे पर बुधवार सुबह साढ़े चार बजे तब अफरा-तफरी मच गई, जब राया की ओर से आ रहा केमिकल से भरा एक टैंकर गांव मनोहरपुर के पास अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। पलटते ही टैंकर में आग भड़क उठी और देखते ही देखते ऊंची लपटें उठनी लगीं। हादसे की खबर फैलते ही आसपास के इलाके में दहशत फैल गई और मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सूचना पाकर दमकल विभाग की पांच गाड़ियां और रिफाइनरी की टीमें मौके पर पहुंचीं। आग इतनी विकराल थी कि टैंकर का एक टैंक जोरदार धमाके के साथ फट गया। इस बीच आग बुझाने के प्रयास में जुटे एफएसओ किशन सिंह और फायरमैन शकीरा झुलस गए। दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। दमकल अधिकारियों ने बताया कि टैंकर में कुल चार टैंक थे, जिनमें से एक फट चुका था। टैंकर में केमिकल भरा होने की वजह से आग पर काबू पाने में समय लगा। मांट फायर स्टेशन के एफएसओ (फायर स्टेशन सेकेंड ऑफिसर) किशन सिंह ने कहा- सुबह 4 बजे टैंकर में आग लगने की सूचना मिली थी। टीम के साथ मौके पर पहुंचे। आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे, तभी केमिकल छिटककर मेरे और फायरमैन शाकिर के ऊपर गिर गया। हम दोनों झुलस गए। 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद हमने आग को बुझाया। आग पर काबू पाने के लिए मांट, भूतेश्वर और रिफाइनरी की टीम लगी रही। दमकल विभाग की 5 गाड़ियों ने आग पर लगातार पानी का प्रेशर मारा, तब जाकर आग बुझी। महावन थाना प्रभारी योगेश यादव ने कहा- आग लगने के बाद टैंकर से कूदकर ड्राइवर भाग गया। टैंकर संभल के धान बायो ऑर्गेनिक प्लांट से मंगलवार शाम 6 बजे निकला था। मथुरा रिफाइनरी जा रहा था। किशन सिंह ने कहा- सबसे बड़ी दिक्कत आग कंट्रोल करने में थी। टैंकर के पास जाने में रिस्क था, क्योंकि बचे हुए 3 टैंकों के फटने का खतरा था।

## सभापति व सदस्यों ने की विभिन्न विभागों संग समीक्षा

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच संबंधी समिति (2024-2025) की प्रथम उप समिति के सभापति मनीष असीजा के सभापतित्व में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न।

समिति के माननीय सदस्यों में श्रीमती सरिता भदौरिया जी, डॉ डीसी वर्मा, गुरुप्रसाद मौर्य, गौरव कुमार, विनोद चतुर्वेदी, किरत सिंह एवं संग्राम सिंह उपस्थित रहें।

बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, नगर आयुक्त जग प्रवेश, एस0पी0 सिटी राजीव कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, सचिव मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण अरविंद कुमार द्विवेदी, सीएमओ डॉ संजीव यादव, परियोजना निदेशक अरुण




कुमार, डीसी मनरेगा विजय कुमार पाण्डेय सहित जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

समिति के माननीय सभापति मनीष असीजा ने जनपद के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करे। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से माननीय जनप्रतिनिधियों को अवगत कराए तथा उनके मार्गदर्शन में अधिकाधिक जनसामान्य को लाभान्वित करना सुनिश्चित करे। सभी अधिकारी माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए निदेर्शों का शत प्रतिशत समयबद्धता से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

बैठक में नगर आयुक्त जग प्रवेश ने समिति को अवगत कराया कि नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा राज्य स्मार्ट सिटी, अमृत 2.0, सीएम ग्रिड योजना, उपवन योजना, मुख्य सृजन योजना, वैश्विक नगर सृजन योजना आदि योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। समिति ने सड़कों की साफ सफाई, डिवाइडर की रंगाई पुताई, नालियों की सफाई, गड्ढा मुक्त मार्ग आदि के सम्बन्ध में नगर निगम की प्रशंसा/तारीफ की। समिति ने निर्देश दिए कि श्री बांके बिहारी जी मंदिर के आस पास सफाई व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। बैठक में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की 56 विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा हुई। समग्र शिक्षा, मध्यान भोजन, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्यों की प्रगति, माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में अतिरिक्त कक्ष, प्रोजेक्ट अलंकार योजना, प्राविधिक शिक्षा विभाग आदि की समीक्षा हुई। समिति ने क्षेत्रीय उच्च शिक्षा के अधिकारियों को अधिकाधिक नामांकन करवाने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग को नहरों की सफाई तथा मैपिंग के कार्यों को कराने के निर्देश दिए।

## रोटरी क्लब देवरिया सेंट्रल का स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**देवरिया।** रोटरी क्लब देवरिया सेंट्रल द्वारा स्थानीय डॉ मनोज मद्देशिया के क्लिनिक पर इटऊ( बोन मेरो डेंसिटी, गठिया ) टेस्ट शिविर का आयोजन किया गया ! शिविर का उद्घाटन अध्यक्ष रोट कपिल सोनी एवं सचिव पीउस अग्रवाल, डॉ मनोज मधेसिया ने किया ! इस शिविर में कुल रोगियों की संख्या 66 रही है, रोगी को कैल्शियम की दवा, फल एवं बिस्किट का भी वितरण किया गया। डॉ मनोज ने बताया कि इस टेस्ट द्वारा हड्डी के एक विशिष्ट क्षेत्र मे कैल्शियम का घनत्व बताता है जिसके आधार पर हड्डी एवं जोड़ रोग का निदान किया जाता है !रोगियों को इसके बचाव के लिए कुछ व्यायाम भी बताए गए एवं खान-पान के बारे में डॉ ममता मधेसिया ने विस्तार से बताया। इस अवसर पर नितिन बैरनवाल, हिमांशु कुमार सिंह, इमरान लारी, जावेद अहमद, एस एन चतुर्वेदी, मयंक अग्रवाल आदि लोग उपस्थित थे।

## किसानों को मिलेगा निःशुल्क तोरिया का बीज

**देवरिया।** उप निदेशक कृषि सुभाष मौर्य ने बताया कि किसानों को तोरिया का निःशुल्क बीज मिनीकिट ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से वितरित किया जाएगा। राज्य सहायतित निःशुल्क बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद देवरिया को 25 क्विंटल का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। पंजीकृत किसान मिनीकिट प्रदर्शन हेतु निःशुल्क बीज प्राप्त करने के लिए कृषि विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यदि निर्धारित लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो लाभार्थियों का चयन ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। चयनित किसानों को पीओएस मशीन के माध्यम से निःशुल्क तोरिया बीज मिनीकिट उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया है कि पहले इस मिनीकिट की बुकिंग की अंतिम तिथि 15 अगस्त 2025 निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 31 अगस्त कर दिया गया है। किसान इसकी बुकिंग पोर्टल पर कर सकते हैं।

## जिलाधिकारी ने लम्पी बीमारी से बचाव को लेकर किसानों से की अपील



**देवरिया।** डीएम श्रीमती दिव्या मित्तल ने पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को लम्पी स्किन डिजीज (एलएसडी) से बचाने के लिए सतर्क रहें और समय पर टीकाकरण अवश्य कराएँ। उन्होंने बताया कि यह बीमारी मुख्यतः गाय और बैलों में पाई जाती है। इसमें पशुओं की त्वचा पर गांठें निकल आती हैं, बुखार आता है, दूध उत्पादन घट जाता है और पशु कमजोर हो जाता है। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध कराई गई है तथा जिले में टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी शुरूआत कर दी गई है। पशुपालन विभाग की टीमें गाँव-गाँव जाकर टीकाकरण व जागरूकता कार्यक्रम चला रही हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस बीमारी में एंटीबायोटिक दवाओं का प्रयोग न करें, क्योंकि इससे पशुओं के लिवर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। बुखार होने पर केवल बुखार की दवा दी जा सकती है। आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक दवाइयाँ उपयोगी हो सकती हैं। घाव पूरी तरह सूखने में 15 दिन से एक माह का समय लग सकता है। बार-बार डॉक्टर बदलने से नुकसान की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा है कि दवाइयाँ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और पशुपालक को समय पर उपलब्ध कराई जाएंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को घबराने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि जागरूक रहकर टीकाकरण कराएँ और किसी भी समस्या होने पर तत्काल नजदीकी पशु चिकित्सक से संपर्क करें।

## सौम्य वत्सल मिश्र नमस्कार फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त



**देवरिया।** नमस्कार फाउंडेशन भारत सरकार द्वारा पंजीकृत संस्था है, जो डिजी शक्ति संसद, इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम, यूथ पार्लियामेंट, स्पेस अवेयरनेस प्रोग्राम, कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम, स्किल डेवलपमेंट आदि विविध राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों का सफल आयोजन करती रही है। संस्था के सचिव उत्कर्ष मिश्रा ने इस दायित्व की घोषणा करते हुए कहा कि सौम्य वत्सल मिश्र देवरिया जनपद के सामाजिक क्षेत्रों में एक जाना-पहचाना नाम हैं। उनकी कर्तव्यनिष्ठा और सक्रिय सामाजिक भागीदारी से नमस्कार फाउंडेशन अपने लक्षित उद्देश्यों को और मजबूती से हासिल करेगा। इस उपलब्धि पर क्षेत्र व ग्राम रेवली के गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय नागरिकों ने सौम्य वत्सल मिश्र को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।

## ट्रक से पंजाब निर्मित 450 पेटी अंग्रेजी शराब सहित 2 तस्कर गिरफ्तार

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी सलेमपुर दीपक शुक्ल के कुशल पर्यवेक्षण में लार पुलिस ने मेहरौना चेक पोस्ट पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक ट्रक वढ 25इळ 9727 से बिहार ले जायी जा रही पंजाब निर्मित 450 पेटी रॉयल स्टेग अवैध अंग्रेजी शराब (कुल 3949.2 लीटर) के साथ 2 अभियुक्तों डबलू कुमार पुत्र मंगल पासवान ग्राम जगरनाथपुर पदमौल थाना कुढनी जनपद मुजफ्फरपुर बिहार और अमन कुमार पुत्र शोनू पासवान ग्राम वार्ड नं. 1 जगरनाथपुर पदमौल थाना कुढनी जनपद मुजफ्फरपुर बिहार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को हिरासत में लेकर व बरामद 3949.2 लीटर व ट्रक वाहन को कब्जा पुलिस में लेकर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 292/2025 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। बरामद शराब की कीमत लगभग 26 लाख रुपए आंकी गई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार बाजपेयी, उ.नि. धर्मेन्द्र कुमार मिश्र, रविन्द्र चौहान, राजकुमार सरोज, शशिकान्त यादव, प्रकाशपति गौतम और मिठाईलाल यादव शामिल रहे।

## 7 गोवंशीय पशु बरामद, 2 तस्कर गिरफ्तार

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बरियारपुर पुलिस ने को संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बाराडीह पुलिया के पास से एक पिकअप संख्या वढ 57ळ 7233 से बिहार ले जायी जा रही कुल 7 गोवंशीय पशुओं के साथ 2 तस्करो सतेन्द्र यादव पुत्र रामअवतार यादव ग्राम मुसैला थाना खुखुन्दु और प्रदीप यादव पुत्र रामप्रवेश यादव ग्राम बंगरा समरगंज थाना खामपार को गिरफ्तार किया है। बरामद पिकअप वाहन व 7 राशि गोवंशीय पशुओं को कब्जे में लेते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-261/2025 धारा 3/5ए/8 गौ हत्या निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनयम का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

# संवाद बनाये रखें

ट्रंप के नेतृत्व में अमरीका की बागडोर आजकल ऐसे लोगों के हाथ में है मानवीय, समावेशी और लोकतांत्रिक मूल्यों और कारोबार के नैतिक सिद्धांतों से कोई मतलब नहीं है। मागा के नाम पर ट्रंप के पीछे सामंती और एलीट सोच के ऐसे लोग जमा हैं जो दुनिया भर के संसाधनों को खींचकर अमरीकी लोगों के ऐसोआराम के लिए जुटाना चाहते हैं। ऐसे लोगों से न्यायपूर्ण और बराबरी की अपेक्षा करना, राष्ट्रीय संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों के सम्मान बात करना नादानी है। इसलिए भारत सरकार को अमरीकी टैरिफ पर कोई विशेष प्रतिक्रिया जताने के बजाय चुपचाप नये व्यापारिक साझेदारों की तलाश करनी चाहिए और राष्ट्रीय संसाधनों, युवाशक्ति को नियोजित कर आत्मनिर्भर और विकसित भारत की यात्रा को आगे बढ़ाना चाहिए। ट्रंप का समय अगले 38 महीनों में बीत जायेगा और फिर अमरीकी नीतियों के व्यापक बदलाव आयेगा क्योंकि ट्रंप की नीति का अमरीका में ही भारी विरोध है। इस बीच भारत को जहां अपनी आर्थिक प्रगति, सैन्य सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत अभियान को आगे बढ़ाना चाहिए वहीं अमरीका के साथ भी संवाद को बनाये रखना चाहिए। ऐसा प्रतीत नहीं होना चाहिए कि भारत प्रतिक्रिया स्वरूप चीन



के खेमे में चला गया है और अमरीका को चुनौती देना चाहता है। दरअसल चीन से भारत को कुछ हासिल होने वाला नहीं है। चीन बदमाश देश है और वह इतनी आसानी से सुधर जायेगा ऐसी उम्मीद नहीं करनी चाहिए। इसलिए अमरीका के साथ बेहतर रिश्तों के लिए संवाद बनाये रखना चाहिए। अगर इस संवाद में अमरीका टैरिफ घटाने पर सहमत होता है तो ठीक है। ट्रंप नहीं भी माने तो जब वे हटेंगे तो बात बनेगी। फिलहाल ट्रंप ऐसे-ऐसे भारत विरोधी सलाहकारों से घिरे हैं जो उनको हमेशा भारत के खिलाफ उकसाने, भरमाने का काम करते हैं। बीते दिनों व्हाइट हाउस के व्यापार और विनिर्माण सलाहकार पीटर नवारो ने एक लेख लिखा। यह लेख बताता है कि अमेरिका भारत को लेकर क्या सोच रखता है और भारतीय पक्ष को अनुकूल व्यापार समझौते के लिए बातचीत करते हुए किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। ट्रंप प्रशासन के रुख के साथ बुनियादी समस्या यह है वे तर्क, निष्पक्षता, दीर्घकालिक दृष्टिकोण और आर्थिक आधारों से एकदम दूर हैं। नवारो ने मुख्य रूप से भारत द्वारा रूसी तेल खरीदने के कारण अमेरिका को होने वाले भारतीय निर्यात पर 25 फीसदी के अतिरिक्त शुल्क को जायज ठहराया। उन्होंने कहा, यह दोहरी नीति भारत को उस जगह असल चोट पहुंचाएगी जहां उसे सबसे अधिक कष्ट होगा यानी अमेरिकी बाजारों तक पहुंच घटेगी। यह कहा गया कि अमेरिकी उपभोक्ता भारतीय वस्तुएं खरीदते हैं जबकि भारत इससे हासिल डॉलर का इस्तेमाल किफायती दरों पर रूसी कच्चा तेल खरीदने के लिए करता है और उसे परिशोधित करके पूरी दुनिया में बेचता है। ऐसी धारणा तैयार की गई कि भारत की वित्तीय सहायता के जरिये रूस यूक्रेन में जंग जारी रखे हुए है जबकि अमेरिका और यूरोपीय करदाताओं को यूक्रेन के बचाव के लिए अरबों डॉलर की राशि खर्च करनी पड़ रही है। अगर यही बात है और अमेरिका का इरादा रूस को वित्तीय मदद पहुंचने से रोकना था तो वह रूसी तेल खरीदने वाले सभी देशों पर जुर्माना लगा सकता था। इन देशों में चीन भी शामिल था जो भारत की तुलना में रूस से बहुत अधिक तेल खरीद रहा है। बहरहाल, ट्रंप प्रशासन ने इस तथ्य की पूरी तरह अनदेखी कर दी। ऐसा शायद इसलिए क्योंकि चीन की ओर से प्रतिरोध की आशंका है। इतना ही नहीं, रूसी तेल के सबसे बड़े खरीदारों में एक तुर्किये तो नाटो का सदस्य भी है। दरअसल यह मुद्दा केवल तेल खरीदने का नहीं है। यह कदम अमेरिकी प्रशासन द्वारा सहयोगी और मित्र देशों में अस्थिरता पैदा करने का एक नायाब उदाहरण है। इस स्थिति से निपटने के लिए भारत को विवेक और संयम से आगे बढ़ना होगा। चीन के साथ हमारी साझेदारी सिर्फ फायदे वाली होनी चाहिए जो कि अभी घाटे में है और वैसे भी चीन से कुछ मिलना नहीं है। संबंध सुधारने में कोई दिक्कत नहीं लेकिन दीर्घकालिक सहयोगी चीन नहीं अमरीका ही होगा।

### विचार

इस सनातन नियम को याद रखो– यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

–सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

–स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

–संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वैष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

–आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

–महर्षि अरविन्द.

# उपराष्ट्रपति चुनाव में दक्षिण बनाम दक्षिण



लोकमित्र गौतम

> बी सुदर्शन रेड्डी अपने वाम झुकाव वाले लोकतांत्रिक रुख के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने कई निर्णयों में कमजोर तबके की ओर अपना रुख स्पष्ट रूप से दिखाया है। इस तरह देखें तो जीत न पाने की सच्चाई के बावजूद बी सुदर्शन रेड्डी विपक्ष के मजबूत वैचारिक उम्मीदवार हैं और इसका विपक्ष को राजनीतिक रूप से फायदा हो सकता है।

आगामी 9 सितंबर 2025 को होने वाले 17वें उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने भी बीते कल यानी 19 अगस्त 2025 को अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी। ये सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बी सुदर्शन रेड्डी होंगे, जो एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की ही तरह दक्षिण भारत से हैं और उनकी ही तरह एक स्पष्ट वैचारिक स्टैंड लेते हैं। जहां सीपी राधाकृष्णन 17 साल की उम्र से ही आरएसएस से जुड़कर उसकी विचारधारा के समर्थक हैं, वहीं बी सुदर्शन रेड्डी अपने वाम झुकाव वाले लोकतांत्रिक रूख के लिए जाने जाते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि आंकड़ों के लिहाज से सीपी राधाकृष्णन का जीतना लगभग तय है। लेकिन इंडिया गठबंधन ने उनके विरुद्ध बी सुदर्शन रेड्डी को उतारकर इसे महज वैचारिक ही नहीं बल्कि दक्षिण बनाम दक्षिण की रोचक लड़ाई में बदल दिया है। जो लोग अब के पहले तमिलनाडु से आने वाले सीपी राधाकृष्णन को वोट करने के लिए डीएमके की समीकरणात्मक मजबूरी मान रहे थे, वह समीकरण अब पूरी तरह से उलट गया है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने विपक्ष के साझा उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को एक सिद्धांतवादी न्यायाधीश करार दिया है, जिनकी सजगता और संवैधानिकता पर उन्हें और उनकी पार्टी को श्रद्धा है। मतलब साफ है कि एनडीए सीपी राधाकृष्णन के लिए राज्य के प्रत्यशी होने के चलते दबाव वश डीएमके के जिस समर्थन की उम्मीद कर रहा था, एमके स्टालिन ने उस पर पानी फेर दिया है। उन्होंने बी सुदर्शन रेड्डी को एक लोकतांत्रिक, संवैधानिक मूल्यों और बहुलतावाद में विश्वास रखने वाला सजग व्यक्ति बताया है और उन्हें उम्मीद है कि रेड्डी संसद में विपक्ष की आवाज को उचित स्थान दिलायेंगे। स्टालिन के मुताबिक उनकी उम्मीदवारी समय के संदर्भ से बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस समय लोकतांत्रिक संस्थाएं दबाव में हैं। अगर आंकड़ों के लिहाज से देखें तो कल यानी 21 अगस्त 2025 को अपनी उम्मीदवारी का नोमिनेशन फाइल करने जा रहे रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस 79 वर्षीय बी सुदर्शन रेड्डी के जीतने के कतई आसार नहीं हैं। क्योंकि उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जीतने के लिए 391 वोटों की जरूरत होगी जबकि एनडीए के पास फिलहाल



जरूरत से 31 वोट ज्यादा हैं। लोकसभा के कुल 543 सदस्यों में से एक सीट खाली है, इसी तरह राज्यसभा की कुल 245 सीटों में से 5 सीटें खाली हैं। इस तरह कुल मौजूदा वोट ताकत 782 बनती है। अतः जीतने के लिए किसी भी उम्मीदवार को कुल 391 वोट चाहिए होंगे, जबकि एनडीए के पास वर्तमान में कुल 422 सदस्य हैं यानी बहुमत से उसके पास 31 सांसद ज्यादा हैं। जबकि इंडिया गठबंधन के पास कुल 312 सांसद हैं यानी उसके पास बहुमत से 79 सांसद कम हैं। जबकि इन दोनों गठबंधनों के इतर 48 सांसद हैं, जो किसी भी गठबंधन में नहीं हैं। लेकिन अगर हम मान लें कि ये सभी बी सुदर्शन रेड्डी को वोट कर भी दें, तब भी इंडिया गठबंधन के समर्थकों की कुल संख्या 360 तक ही पहुंचेगी यानी उसे बहुमत के लिए 31 सांसदों की अब भी कमी होगी। इसलिए यह तो साफ है कि यूपीए उम्मीदवार के जीतने की दूर दूर तक कोई संभावना नहीं है। लेकिन इंडिया गठबंधन चाहता है कि वह मजबूत विपक्ष दिखे और देश को यह मैसेज जाए कि वैचारिक लड़ाई में विपक्ष ने किसी भी कीमत पर मैदान नहीं छोड़ा। इसलिए कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन उपराष्ट्रपति पद की यह लड़ाई जोरदार ढंग से लड़ना चाहता है। इसके पीछे एक मकसद इस साल के अंत में बिहार में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के लिए भी मतदाताओं को अपनी मजबूत रणनीति का संदेश देना है। दरअसल कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी गठबंधन के लिए उपराष्ट्रपति पद की यह लड़ाई इसलिए भी जरूरी हो गई है, क्योंकि एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संगठन से संबंध है और विपक्ष अपने समर्थक मतदाताओं को यह संदेश देना चाहता है कि वह एक ऐसे घोषित संगठन के सदस्य को वॉकओवर नहीं दे सकता, राहुल गांधी दिन रात जिसकी जबर्दस्त आलोचना करते हैं। विपक्ष का कहना है कि उपराष्ट्रपति पद का देश के संविधान से विशेष जुड़ाव होता है और इस समय देश में संविधान की सत्ता खतरे में हैं, इसलिए वह एक संविधानवादी न्यायाधीश को अपना उम्मीदवार बनाकर देश को संदेश देना चाहता है कि संविधान पर उसकी गहरी आस्था है।

### सामयिक

एक बात यह भी ध्यान देने वाली है कि उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में व्हिप लागू नहीं होता यानी कोई पॉलिटिकल पार्टी अपने सदस्यों को गाइडलाइन या किसी किस्म का आदेश नहीं जारी कर सकती कि वह उसे ही वोट देगा। इसलिए यह उम्मीद की जा सकती है कि क्रॉस वोटिंग के जरिये कोई भी उम्मीदवार चुनाव जीत सकता है। मगर जहां तक व्यहारिक ताकत की बात है तो वह फिलहाल विपक्ष के पास नहीं है कि सत्ता पक्ष या दोनों पक्षों से अलग रहने वाले सांसद क्रॉस वोटिंग करके इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को वोट करें। हालांकि रिटायर्ड न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी अपने एक फैसले की वजह से वाम झुकाव रखने वाले राजनीतिक धड़ों के पसंदीदा उम्मीदवार हैं। दरअसल साल 2005 में जब छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार थी, उन दिनों छत्तीसगढ़ में 'सलवा जुडूम' नामक एक आदिवासी संगठन बनाया गया था और यह प्रचार किया गया था कि यह संगठन आदिवासियों के भीतर की स्वतःस्फूर्त प्रक्रिया से जन्मा है, जिसका उद्देश्य नक्सलियों के खिलाफ गोलबंद होकर लड़ना है। लेकिन लंबी न्यायिक लड़ाई के बाद साल 2011 में सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी और न्यायमूर्ति एसएस निज्जर की पीठ ने सलवा जुडूम को एक अवैध और असंवैधानिक संगठन करार दिया था। कोर्ट ने तब कहा था, 'सरकार गरीब आदिवासी युवाओं को हथियारबंद करके नक्सलियों से लड़ने के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकती।' वास्तव में मानवाधिकार कार्यकताओं ने आरोप लगाया था कि सलवा जुडूम के नाम पर राज्य सरकार आदिवासी युवाओं को न सिर्फ नक्सलियों से लोहा लेने के लिए आगे कर देती है बल्कि नक्सल प्रभावित इलाकों में हजारों आदिवासियों को अपनी दादागिरी के चलते इस संगठन के कारण अपने गांव और घर छोड़कर राहत शिविरों में रहने के लिए मजबूर कर दिया था। दरअसल यह संगठन राज्य सरकार ने पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की मदद से निर्मित किया था और उसका कहना था, आदिवासियों के बीच से स्वतःस्फूर्त आधार पर यह संगठन अस्तित्व में आया है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की उस पीठ ने जिसमें न्यायमूर्ति बी सुदर्शन रेड्डी और न्यायमूर्ति एसएस निज्जर थे, इसे असंवैधानिक घोषित कर दिया और स्पष्ट शब्दों में कहा सरकार गरीब आदिवासी युवाओं को इस तरह हथियारबंद करके नक्सलियों से लड़ने के लिए आगे नहीं कर सकती। यह संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के विरुद्ध है।

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकारों को आदेश दिया कि उन्होंने सलवा जुडूम संगठन में जिन आदिवासी युवाओं की विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) के रूप में भर्ती की है, उन्हें तुरंत डिसमिस किया जाए और सलवा जुडूम को बंद किया जाए। वास्तव सलवा जुडूम शब्द स्थानीय गोंडी भाषा का है, जिसका मतलब होता है, 'शांति अभियान'। जबकि सर्वोच्च अदालत ने इसे राज्य समर्थित सशस्त्र मिलिशिया आंदोलन माना था। वास्तव में तब से ही कांग्रेस सहित कई विपक्षी पार्टियों के लिए बी सुदर्शन रेड्डी चहेते न्यायाधीश के रूप में उभरे थे। उनके नाम की घोषणा करते हुए मलिकार्जुन खड़गे ने कहा भी है कि वह 'गरीबों के हमदर्द न्यायाधीश' रहे हैं।

### सोशल मीडिया

चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर मतदाताओं के मन में उत्पन्न संदेह को दूर करना चुनाव आयोग के हित में है बतायी गयी कमियों का समाधान हो सकता है। शशि थरूर.



राजग के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार श्री सीपी राधाकृष्णन जी संघर्ष के मार्ग पर चल कर राजनीति में आगे बढ़े हैं और लोगों का प्रतिनिधित्व भी करते रहे हैं। अमित शाह.



वोट चोरों से वोट के अधिकार को बचाने के लिए लोकतंत्र, संविधान को सुरक्षित रखने के लिए आज सासाराम की ऐतिहासिक धरती से वोट अधिकार यात्रा का आगाज। तेजस्वी यादव.



# बुराइयों से मुक्ति

वासनाएं इंसान के लिए ऐसा इन्द्रधनुषी चक्रब्यूह रचती हैं जिससे निकलना आसान नहीं होता है। ये हम अपनी ओर आकर्षित करती हैं, हमारे संकल्पों को कमजोर करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

### अंतर्दृष्टि

# प्रभु से बस यही प्रार्थना है!

### व्यंग्यलोक

इधर पिछले कुछ दिनों से मैं ही नहीं, मेरी अगल बगल के हर विभाग के हर क्लास के चूहे मेंटली परेशान थे। सबके मन खिन्न! दिमाग छिन्न भिन्न! बात थी ही छिन्नता खिन्नता वाली। तो परेशानी का कारण बना यों कि ज्यों ही मेरी बगल के लोक निर्माण विभाग के दूसरी श्रेणी के चूहे को टीवी से यह दुखद खबर मिली कि सिस्टमी जाति की उम्दा प्रजाति के हमारे बिरादर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है या किसी ने उसकी लोकतंत्र के चौक पर दिन दहाड़े हत्या कर दी है, तो हम सबकी भूख प्यास सब खत्म हो गई। खबर थी ही भूख प्यास खत्म कर देने वाली। यह खबर सुनकर कई दिनों तक ऑफिस में किसी का कुछ कुतरने को कतई मन नहीं करता। रात को हम पूर चूहा कॉलोनी वाले सोने की कोशिश करते तो नींद आने का नाम न लेती। तब जब देखो बस, चौबीसों घंटे हम सबकी आंखों के सामने हमारा मरा, मारा बिरादर कभी इस बोरी तो कभी उस बोरी उदकता फुदकता दिखता। आखिर जब तनाव हद से अधिक बढ़ गया तो तय हुआ कि हम अपने बिरादर की मौत की निष्पक्ष जांच के लिए जुलूस निकालें, धरने दें। आमरण अनशन पर तब तक बैठे रहें जब तक हमारे बिरादर की मौत पर से रहस्य का कफन नहीं उठ जाता। और हमने सर्वसम्मति से अपने आंदोलन के पहले फेज में हमने अपनी बिरादर की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग सरकार से की ताकि हमारे बिरादर की मौत का सच देश के सामने आ सके। और मजे की बात! हमारी मांग तुरंत सरकार ने अपने रजिस्टर में रजिस्टर्ड कर ली। तब सरकार ने हमें विश्वास दिलाया कि डरो मत! हम पर विश्वास करो। वह तुम्हारा ही नहीं, हमारा भी बिरादर था। कल ही अपने पेटी भाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई है। अपने पेटी भाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बिरादर की मौत उसके किसी दुश्मन ने नहीं की है, यह मात्र शांत समाज में सज्जनों द्वारा दंगे भड़काने को फैलाई अफवाह भर थी। असल में उस पवित्र आत्मा की मृत्यु उसके अपने ही हाथों अपना दम घुटने से हुई थी। बिरादर का पोस्टमार्टम इंटरनेशनल चूहा चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में किया गया था। असल में समाज को कुतर कुतर कर बिरादर के लंग्स, किडनियों में दिक्कत आ गई थी। पेटी भाई का रस्म उठाला करने के बाद अब मेरे मन सहित हम सबका मन प्रसन्न है। पानी में से दूध निकल गया है। मेरे घर सहित पूरी कॉलोनी में फिर से पुरानी रौनक लौट आई है। अब गुजरे पेटी भाई की तरह फिर से कूद कूद कर हम सबका मन ऑफिस जाने को पहले की तरह फुदकने लगा है। हमारी बस अब अपने पेटी भाई के लिए उस सर्वशक्तिमान प्रभु से यही दुआ प्रार्थना! सिस्टम हमारे पेटी भाई को अपने श्री चरणों के किसी अलौकिक बोरे में परमानेंट स्थान दें!



अशोक गौतम

# देश के छोटे शहरों, कस्बों से निकलते बड़े खिलाड़ी



### खेल जगत

यह कहानी है एक ऐसी लड़की की जो छोटे से शहर से बड़े सपने लेकर निकलती है, पारिवारिक विरोध से लेकर लगभग हर प्रकार की विपरीत स्थितियों का सामना करते हुए अंतर्राष्ट्रीय सफलता हासिल करती है। यह कहानी है भारत की वुशु एथलीट नम्रता बत्रा की, जिन्होंने हाल ही में चेंगदू में आयोजित वर्ल्ड गेम्स में रजत पदक जीता है। वर्ल्ड गेम्स में वुशु स्पर्धा में भारत का यह पहला पदक है।

नम्रता का जन्म इंदौर के एक पुरातनपंथी परिवार में हुआ था। वह मार्शल आर्ट्स में अपना करियर बनाने की इच्छुक थीं, लेकिन उनके दादा-दादी ने इस बात का जबरदस्त विरोध किया। उन्हें इस खेल से जुडी धारणाओं, विशेषकर छोटे कपड़ों को लेकर चिंता थी। वह नहीं चाहते थे कि उनकी पोती ट्रेनिंग व प्रतियोगिताओं के दौरान बिना बाहों की बनियान व मैचिंग नेकर पहने। उनके लिए यह अर्द्धनग्न अवस्था थी, अजनबी पुरुषों के सामने, जिससे उनके खानदान की 'बदनामी' होती। उन्हें यह भी डर था कि अगर इस खेल में नम्रता के शरीर, खासकर चेहरे पर कोई गंभीर चोट आ गई, तो उसके ब्याह में अवरोध उत्पन्न होंगे। लेकिन नम्रता के व्यापारी पिता संजय बत्रा ने अपनी बेटी का निरंतर साथ दिया, यह सुनिश्चित करते हुए कि समाज का दबाव उसकी महत्वाकांक्षा और देश का प्रतिनिधित्व करते हुए पदक जीतने में बाधक न बने। नतीजतन 12 अगस्त 2025 को नम्रता ऐसी पहली भारतीय बनीं जिन्होंने वुशु में वर्ल्ड गेम्स पदक हासिल किया है। चेंगदू, चीन में नम्रता 52 किलो (सांडा) के महिला वर्ग में दूसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने रजत पदक जीता। भारत ने वर्ल्ड गेम्स के विभिन्न सत्रों में अभी तक कुल सात पदक जीते हैं- 1 स्वर्ण, 2 रजत व 4 कांस्य। लेकिन चार वर्षीय मल्टीस्पोर्ट्स प्रतियोगिता के 44-वर्षीय इतिहास में वुशु में यह पहला पदक है। चूंकि कामयाबी से मीठी कोई शय नहीं होती, जैसा कि अमेरिकी कवियत्री एमिली डिकनसन ने कहा था, यह विरोधियों को भी समर्थक बना देती है, इसलिए आज नम्रता के दादा दादी को भी उसकी उपलब्धि पर अत्यधिक गर्व है। जब उन्होंने अखबारों व वेबसाइट्स पर अपनी पोती की तस्वीरें पदक के साथ देखीं तो उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। अब वह सबको बताते घूम रहे हैं कि नम्रता उनकी पोती है, उसने चीन में पदक जीता है। चीन से लौटने के बाद नम्रता ने बताया, 'मेरा संबंध एक बड़े संयुक्त परिवार से है। मेरे दादा दादी को यह पसंद नहीं था कि अपने सपने को साकार करने के लिए मैं शॉर्ट्स व स्कर्ट्स पहनूं। शुरूआत में उन्होंने मुझ पर बहुत पाबंदियां लगायीं और वह मुझे अकेले ट्रेनिंग के लिए भी नहीं जाने देते थे। किसी भी प्रतियोगिता में उन्होंने मुझे कभी अकेले नहीं जाने दिया। उनको बस यही चिंता रहती थी कि लोग क्या कहेंगे? उन्हें समाज का बहुत अधिक डर था। वह तो केवल यह चाहते थे कि मैं अच्छी शिक्षा प्राप्त करूं, अच्छे नंबर लाऊं ताकि मुझे कहीं स्थायी नौकरी मिल जाये और किसी अच्छे घर में रिश्ता हो जाये। लेकिन मेरे कॅरियर च्वॉइस में मेरे पिता ने हमेशा मेरा साथ दिया, मेरी मदद की। वह पहाड़ की तरह मेरे साथ खड़े रहे और मेरे इस फैसले का समर्थन किया कि मैं मार्शल आर्ट्स खिलाड़ी बनना चाहती हूं। आज मेरे दादा दादी व वह लोग जो मेरा विरोध करते थे, मेरी उपलब्धि पर गर्व महसूस करते हैं। अब मेरी यात्रा में मुझे उनका पूर्ण समर्थन प्राप्त है।'

इसमें शक नहीं है कि नम्रता का सीवी प्रभावी है। वह देश की प्रमुख वुशु (सांडा) खिलाड़ी है और अनेक घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय पदक जीत चुकी हैं। चीनी मार्शल आर्ट्स वुशु को दो श्रेणियों में विभाजित किया जाता है- ताओलू यानी खाली हाथों या हथियारों से कोरियोग्राफ किया गया रूटीन और सांडा यानी पूर्ण संपर्क युद्ध। वुशु का इतिहास हजारों साल पुराना है जो किन राजवंश तक पहुंचता है। अब यह एशियन गेम्स में भी शामिल है और इसकी विश्व चैंपियनशिप भी 1991 से नियमित आयोजित हो रही है। यहां यह बताना भी आवश्यक है कि वर्ल्ड गेम्स में रजत पदक जीतने के अतिरिक्त नम्रता ने पिछले साल एशियन चैंपियनशिप्स में भी रजत पदक जीता था और इस साल के शुरू में एशिया कप में कांस्य पदक जीता था। मास्को वुशु स्टार चैंपियनशिप्स में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था और नेशनल गेम्स के दोनों उत्तराखंड व गुजरात सत्रों में भी वह पोडियम तक पहुंचीं। नम्रता 2015 से 2018 तक जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन रहीं और सीनियर वर्ग में भी उनकी यह कामयाबी जारी रही कि 2018 से 2021 तक 48 किलो वर्ग के स्वर्ण पदक उनके हिस्से में आये। इसके बाद 2022 से वह 52 किलो वर्ग में खेल रही हैं और अपनी सफलता को निरंतर जारी रखे हुए हैं। **सारिम अन्ना.**

## आपकी बात

### आर्थिक विषमता को घटायें

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी। दरअसल विकास का लाभ समाज को तभी मिलता है, जब उसके दायरे में अधिक से अधिक लोग आयें। जब विकास कुछ ही हाथों में केन्द्रित होगा तो वह राष्ट्र लिए के लिए फलदायी नहीं हो सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि विकास की रफ्तार भी तेज हो और इसके दायरे में अधिक से अधिक लोग आयें। तभी राष्ट्र का कल्याण होगा।

**मनोज कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग

उच्च शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग छात्रों के लिए बहुत ही मददगार होती है। सरकार को शिक्षा में सुधार के लिए सभी शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग सुनिश्चित करनी चाहिए। निर्फ रैंकिंग उन छात्रों के लिए बहुत मददगार साबित हो रही है जो कक्षा 12 पास कर उच्च शिक्षा में दाखिले का प्रयास कर रहे हैं। निर्फ रैंकिंग उच्च शिक्षा की दहलीज पर खड़े छात्रों के लिए एक गाइड की तरह है, जो उनको भविष्य की राह चुनने में बहुत मददगार साबित हो रही है। लेकिन जब देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश को उच्च शिक्षा की दृष्टि से निर्फ रैंकिंग में खोजते हैं, तो सिर्फ और सिर्फ निराशा ही हाथ लगती है। हालांकि ऐसा नहीं है कि उत्तर प्रदेश राज्य में स्थिति संस्थानों की संख्या निर्फ रैंकिंग में बहुत कम है। अगर संपूर्ण निर्फ रैंकिंग को देखा जाये तो ओवरऑल रैंकिंग में प्रदेश के आठ संस्थान मौजूद हैं। इसी तरह इंजीनियरिंग, विधि, चिकित्सा और प्रबंध जैसे कैटेगरी में भी प्रदेश के संस्थान मौजूद हैं, लेकिन जो सबसे निराशाजनक बात है वह यह कि निर्फ ओवरऑल रैंकिंग में उत्तर प्रदेश सरकार का एक भी राज्य विश्वविद्यालय मौजूद नहीं है।

**आशीष श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## सात जुआरी गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुये 7 अभियुक्तों को मय 2420 रु. माल फड़ 200 रुपये जामातलाशी व ताश पत्ते के साथ मौके से गिरफ्तार किया गया। एसएसपी फिरोजाबाद के निर्देशन में सार्वजनिक जुआ सट्टा की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना नगला सिंघी पुलिस ने 7 जुआरियों देवकी नंदन पुत्र खेमचंद, शशी कपूर पुत्र गेंदालाल उत्तम चन्द पुत्र उदयवीर योगेश पुत्र जसवन्त सिंह बृजमोहन पुत्र रतन सिंह आकाश पुत्र रामनाथ सिंह कन्हैया पुत्र हुब्बलाल को माल फड़ 2420 रुपए 200 रुपये जामातलाशी व 52 ताश पत्ते के साथ भोला चौराहे से आगे जटई रोड ट्यूबल के पास नगला सिंघी से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना हाजा पर धारा 13 जी एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की है।

## केएनआई में अनुशास्ता मंडल की बैठक संपन्न

**सुलतानपुर।** केएनआई में बुधवार को प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में अनुशास्ता मंडल की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक का संचालन मुख्य अनुशास्ता डॉ. सुधांशु प्रताप सिंह ने किया। बैठक का उद्देश्य संस्थान में अनुशासनपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना रहा। मुख्य अनुशास्ता ने सभी सदस्यों से संस्था के अनुशासन को बनाए रखने हेतु सजगता और गंभीरता से कार्य करने की अपील की। प्राचार्य प्रो. सिंह ने अनुशास्ता मंडल को आश्वस्त किया कि अनुशासन स्थापित करने में प्रबंधन स्तर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। उप प्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह ने अनुशासन को संस्थान की रीढ़ बताते हुए इसके पालन पर विशेष बल दिया। बैठक में फरीदीपुर परिसर के प्रभारी डॉ. संतोष कुशवाहा सहित सभी सदस्यों ने अनुशासन बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। वाणिज्य, कला एवं विज्ञान संकाय के अनुशास्ताओं ने भी छात्र अनुशासन के प्रति सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्य अनुशास्ता डॉ. सिंह ने बताया कि कक्षाओं में उपस्थिति, परिचय पत्र व निर्धारित यूनिफॉर्म में प्रवेश, अनावश्यक आवागमन पर नियंत्रण तथा रैगिंग पर पूर्ण प्रतिबंध जैसे मुद्दों पर मंडल पूरी निष्ठा से कार्य करेगा। बैठक में डॉ. आलोक वर्मा, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. नवीन विक्रम सिंह, डॉ. सुभाष यादव सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## मुठभेड़ में आरोपी घायल

**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र की युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद शमीम को मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई मंगलवार रात को बेथरा नहर के पास हुई जब शमीम कादीपुर की ओर भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस की घेराबंदी में उसने फायरिंग की, जिस पर जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। इससे पहले सोमवार को आंबेडकरनगर जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र स्थित मिरानपुर रेलवे लाइन के पास एक युवती का शव संदिग्ध हालात में मिला था। शव रेलवे पुल की सीढ़ियों से लटका मिला था। पास से मिले दस्तावेजों से युवती की पहचान सुलतानपुर के दोस्तपुर थाना क्षेत्र की 25 वर्षीय निवासी के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, युवती तीन बहनों में एक थी और उसके माता-पिता मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। मामले में पुलिस और जीआरपी ने संयुक्त जांच कर आरोपी की पहचान मोहम्मद शमीम के रूप में की।

# अखिलेश सिंह थे रायबरेली के जननायक





**रायबरेली।** अखिलेश सिंह रायबरेली सदर विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे और अपनी दबंग छवि के साथ-साथ जनसेवा के लिए जाने जाते थे। उनके समर्थकों और क्षेत्रवासियों के बीच उन्हें रॉबिनहुड के रूप में जाना जाता था, क्योंकि वे गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उनके निधन ने रायबरेली की राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में एक बड़ा शून्य छोड़ दिया, जिसे आज भी लोग महसूस करते हैं। श्रद्धांजलि समारोह में मंचासीन वक्ताओं ने अखिलेश सिंह के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की।उन्होंने बताया कि कैसे अखिलेश सिंह ने न केवल राजनीति में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की, बल्कि सामाजिक कार्यों और जनकल्याण के लिए भी अपना जीवन समर्पित किया। उनके द्वारा किए गए कार्यों, जैसे स्कूलों और अस्पतालों का निर्माण, सड़कों का विकास, और गरीबों के लिए आवास और रोजगार की व्यवस्था, को याद करते हुए उपस्थित लोगों ने उनकी स्मृति को नमन किया।

### जनप्रतिनिधियों और जनता का श्रद्धांजलि सैलाब

श्रद्धांजलि समारोह में उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए जनप्रतिनिधियों ने अखिलेश सिंह के योगदान को याद किया। स्थानीय नेताओं, सामाजिक कार्यकताओं और आम जनता ने उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों और सामाजिक उत्थान के प्रयासों की सराहना की। कई वक्ताओं ने उनके रॉबिनहुड जैसे व्यक्तित्व का जिक्र करते हुए कहा कि अखिलेश सिंह का दरवाजा हर जरूरतमंद के लिए हमेशा खुला रहता था। रायबरेली के लालूपुर गांव, जो अखिलेश सिंह का पैतृक गांव है, वहां भी लोगों ने उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित की।समारोह में उपस्थित लोगों ने उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए कहा कि अखिलेश सिंह की राजनैतिक विरासत को उनकी बेटी अदिति सिंह और पत्नी वैशाली सिंह बखूबी संभाल रही हैं।

### लोक गायक राकेश उपाध्याय व लोकगायिका वंदना मिश्रा ने बांधा समां

लोकनायक जननायक और पूर्व विधायक स्वर्गीय अखिलेश सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकगायिका बदना मिश्रा तथा लोक गायक राकेश उपाध्याय ने लोक गीत गाकर समा बाँध दी।उनके द्वारा दी गई प्रस्तुति ने जमकर तालियां बटोरी और हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने भरपूर आनंद लिया ।जब जन जन के नेता पूर्व विधायक के कार्यों और उनकी यादों पर लोकगायिका बंदना मिश्रा ने लोक गीत गाया तो लोगों ने गीत को भरपूर सराहा। वहीं राकेश उपाध्याय ने सदर विधायक अदिति सिंह की जमकर तारीफ की और कहा कि भगवान सब को ऐसी बिटिया दे जिन्होंने अपने पिता के नक़्शे कदम पर चल कर जन जन का सम्मान किया और इस उमड़े जन शैलाब को लोग दशकों तक भुला नहीं पाएंगे।

## गल्ले की दुकान से 50 हजार का सामान चोरी

**महराजगंज, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के डेपार मऊ में अज्ञात चोरों द्वारा एक गल्ले की दुकान को निशाना बनाते हुए लगभग पचास हजार कीमत का सामान पार करने का मामला प्रकाश में आया है।पीड़ित दुकान के मालिक ने घटना के संबंध में संबंधित थाने को लिखित सूचना देकर अवगत कराया है।मामले को संज्ञान में लेकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों से पूछताछ की आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताते चले कि घटना सोमवार देर रात की है डेपार मऊ से पूरे ताजुद्दीन पुर को जाने वाली सड़क पर स्थित एक गला की दुकान से शटर के बगल में सेंध लगाकर ताला तोड़कर अज्ञात चोर अंदर घुस गए बकौल पीड़ित अंजनी कुमार शुक्ला निवासी ग्राम अन्दूपुर ने बताया कि ओम प्रकाश पांडे की दुकान किराए पर लेकर वह कई वर्षों से काम करते हैं अज्ञात चोरों ने उनकी दुकान का सटर तोड़कर अंदर घुस गए और दुकान के अंदर रखा 12 बोरी गेहूं तीन बोरी सरसों एक बोरी चावल और चार बोरी पशु आहार चोरी कर ले गए।जब वह सुबह अपनी दुकान खोलने आए तो सटर टूटा हुआ देखकर उनके होश उड़ गए अंदर जाकर देखा तो यह सारा सामान जो बोरियों में था गायब था। इस संबंध में उन्होंने पुलिस को सूचना दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से गहनता से जानकारी ली।

## सरकार किसानों की आय न बढ़ाकर बढ़ा रही अपनी आय : अखिलेश यादव



**टूंडला।** नगर में नेशनल हाईवे ऑथरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन संतोष यादव के पिता की तेरहवीं में श्रद्धांजलि देने आए समाजवादी पार्टी के राष?ट्रीय अध?यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र व राज?य सरकार पर निशाना साधा,उन?होंने कहा कि भाजपा ने किसानों को कभी भरोसा दिलाया था कि किसान भाईयों की आय दोगुनी करेंगे। उन?होंने कहा कि भाजपा ने किसानों की आय न बढ़ाकर अपनी आय को बढ़ाया है।उन?होंने कहा कि किसान वहीं खड़ा है।सरकार उनकी फसलों की उचित कीमत नहीं दे पा रही है।श्रीराम की नगरी अयोध?या में सरकार किसान डीएपी के लिए लंबी लाइनें लगा रहा हैं।डीएपी के लिए लाइनों में किसानों में की मौत हो रही हैं।उन?होंने कहा कि अमेरिका के टैरिफ लगाने से हजारों करोडो का कारोबार बर्बाद हो जाएगा। उन?होंने कहा कि फिरोजाबाद से अलीगढ़ व मुरादाबाद कारोबार जुड़ा है।टैरिफ का सीधा असर इन शहरों पर भी पड़ेगा।प्रदेश सरकार ने बिजली कारखाने लगाए नहीं हैं,ज?बकि प्रदेश में सरकार लगातार बिजली महंगी कर रही है।उन?होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्रदेश में बिजली का संकट पैदा कर दिया है।उन?होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे से पहले सरकार को डकैती छोड़ देनी चाहिए।इस दौरान एटा सांसद देवेश शाक?य फिरोजाबाद सांसद अक्षय यादव,पूर्व एमएलसी उदयवीर सिंह धाकरे जिलाधिकारी रमेश रंजन एसएसपी सौरभ दीक्षित एसडीएम अनुराधा सिंह, तहसीलदार राखी शर्मा,एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद,थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

## प्रेमी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखने पर पिता ने की थी बेटी की हत्या

**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस टीम ने अपनी नाबालिक पुत्री को उसके प्रेमी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखने पर पुत्री की हत्या करने वाले आरोपी पिता व नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले लड़की के प्रेमी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।दिनांक 18.08.25 को थाना जसराना क्षेत्र के गांव नगला जाट में एक लड़की के शव मिलने की सूचना थाना पुलिस को मिली थी,सूचना पर पुलिस टीम द्वार मौके पर पहुँचकर लड़की के शव को पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भिजवाकर लड़की के पिता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।पुलिस टीम द्वारा विवेचना के क्रम में पाया कि लड़की के सम्बन्ध पडोस के गाँव दिनौली के रहने वाले एक लड़के मोहित से थे, लड़की रात्रि में मोहित से मिलने गयी थी इसी दौरान लड़की का पिता लड़की को ढूँढता हुआ मौके पर पहुँचा तो लड़की को आपत्तिजनक हालात में देखकर लड़की के पिता द्वारा कुल्हाड़ी से गर्दन पर वार कर लड़की की हत्या कर दी।थाना जसराना पुलिस ने लड़की के पिता इंद्रपाल को गिरफ्तार कर तघटना में प्रयुक्त आला कत्ल एक कुल्हाड़ी को अभियुक्त इंद्रपाल की निशानदेही पर बरामद किया है।वहीं पुलिस ने लड़की के प्रेमी अभियुक्त मोहित को भी गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध नाबालिग से दुष्कर्म करने पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को आवश्यक कार्यवाही कर जेल भेजा है।

## मनाया गया राजीव गांधी का जन्मदिन

**अमेठी** । स्वर्गीय राजीव की जयंतीजनपद में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन्हीं कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजीव गांधी संदेश साइकिल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जो जिला मुख्यालय गौरीगंज के सैंठा से गौरीगंज सब्जी मंडी बाजार तक संपन्न हुई।साइकिल दौड़ प्रतियोगिता को कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप सिंघल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।प्रतियोगिता में युवा प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राजीव गांधी जी के आदर्शों व विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।प्रतियोगिता में मुलायम सिंह यादव (मुंशीगंज) ने प्रथम स्थान, विक्की यादव (तिलोई) ने द्वितीय स्थान, तथा प्रदीप यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कार्यक्रम संयोजक श्री अनिल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।श्री सिंह ने कहा कि राजीव गांधी जी ने युवाओं की शक्ति और तकनीकी प्रगति को भारत के भविष्य की नींव माना था।आज की साइकिल दौड़ प्रतियोगिता उन्हीं के संदेश को आगे बढ़ाने का एक प्रयास है।

## नुक्कड़ नाटक से दिया नशा मुक्ति का संदेश




**फिरोजाबाद।** नशा मुक्त भारत अभियान के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत मध निषेध विभाग आगरा द्वारा एनजीओ जीवन फाउंडेशन फिरोजाबाद के सहयोग से जिलाधिकारी कार्यालय परिसर सिविल लाइन दबरई फिरोजाबाद में व कई जगह नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया गया।फिरोजाबाद नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ पर राजमती जिला समाज कल्याण अधिकारी फिरोजाबाद और क्षेत्रीय मध्य निषेध विभाग आगरा और एनजीओ जीवन फाउंडेशन के सहयोग से राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय वजीरपुर फिरोजाबाद में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें अत्याधिक संख्या में बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया।उक्त अवसर पर विमल कुमार,मध निषेध अधिकारी द्वारा नशे के बारे में बच्चों को बताया कि सभी बच्चे अपनी ऊर्जा का सही जगह पर उपयोग करें, किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें अपने मोरल वैल्यू को मजबूत बनाएं, अगर कोई आपको नशे की सामग्री को इस्तेमाल करने के लिए बोलता है तो सेय टू नो बोलें और अपने रिलिजियस फैक्टर को आगे लाए, एनजीओ जीवन फाउंडेशन संचालक अभय यादव ने बताया कि नशा एक दीमक की तरह है जो धीरे-धीरे इंसान को खोखला कर देता है और फिर इसके बाद परिवार को और समाज को आर्थिक सामाजिक हानि होती है।इस अवसर पर अक्षय श्रीवास्तव द्वारा बच्चों को नशे से बचाव हेतु टिप्स दिए।डॉ.एनपी सिंह ने बताया कि नशा कैसे लोगों को अपने जाल में ले लेता है फिर इससे निकल पाना कितना मुश्किल है।

## सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे,आवागमन दुश्वार

**गौरीगंज,अमेठी।** केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार जहां गढ्डा मुक्त सड़क बनाने का दावा करती है वहीं अमेठी जनपद की सड़कों का हाल बेहाल है।जनपद की सड़कें विकास कार्यों की पोल खोल रहें हैं। अमेठी जनपद मुख्यालय से लगभग दस किलोमीटर दूर विकास खण्ड शाहगढ़ स्थित है जहां लगभग दर्जनो सड़कों की हालत खस्ता है। वही विकास खण्ड के अन्तर्गत प्रधानमन्त्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत लखनबीर बाबा से पौलहन नोहरेपुर लगभग दो किलोमीटर सड़क की हालत इतनी खस्ता हो गयी है कि लोगों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है जबकि प्रदेश सरकार का आदेश था कि नई सड़को का निर्माण न करके पुरानी सड़कों का मरम्मतीकरण किया जायेगा लेकिन अमेठी जनपद में प्रदेश सरकार के दावे को उनके मातहत खोखला साबित कर रहे है।बताते चलें कि इस मार्ग से ब्लाक शाहगढ़, अडारु बाजार, नोहरेपुर , पूरे पौलहन, शनिचरापुर, पाठक का पुरवा, कालू मिश्र का पुरवा के राहगीरो के साथ - साथ स्कूली बच्चों का आवागमन रहता है।ग्रामीण अनिल सिंह, पूर्व प्रधान राधे पांडेय, राजेन्द्र यादव, रामफेर , ओम प्रकाश आदि ने डीएम संजय चौहान से उक्त मार्ग को बनवाये जाने की मांग की है।उक्त ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से सीएचसी, ब्लाक व स्कूल जाने के लिए लोगों को आवागमन में परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है।

## अमर नायक की जयंती पर भावांजलि देंगे लोक निर्माण मंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह



**रायबरेली।** राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति रायबरेली के पदाधिकारियों ने 19 अगस्त को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की।समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री को अमर नायक राना बेनी माधव बक्स सिंह की 221 वीं जयंती पर आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों से अवगत कराया गया जिसे उन्होंने खूब सराहा और बेहतर आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने निर्माणधीन सभागार के कार्यों को जल्द पूरा कराने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।साथ ही निर्माण कार्य पूरा होते ही लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहभाग करने का आश्वासन भी दिया।

- सीएम से मिले समिति के पदाधिकारी
- सभागार निर्माण के बाद लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री

उनके दिशा निर्देशन में ही समिति कार्य कर रही है।इस बार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुँवर ब्रजेश सिंह, मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार होंगे। उन्होंने कार्यक्रम में सहभाग करने की स्वीकृत दे दी है।इस मौके पर समिति के संरक्षक राजा राकेश प्रताप सिंह, पूर्व एमएलसी व विवेक विक्रम सिंह, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष रायबरेली व समिति के संयोजक उपमेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# रक्तदान महादान है : एडीएम

- अमर सेनानी राना बेनी माधव बक्श सिंह की 221वीं जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित




**रायबरेली।** अमर सेनानी राना बेनी माधव बक्श सिंह की 221वीं जयंती के अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय आई एम ए भवन में किया गया।रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।रक्तदान शिविर का उद्घाटन अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अमृता सिंह ने किया। रक्तदान शिविर में 55 लोगों ने रक्तदान किया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडीएम अमृता सिंह ने कहा कि गुलामी की जंजीर से आजादी पाने के 1857 में लड़ाई मेरठ से शुरू हुई लेकिन असली जंग अवध के लोगों ने गंगा जमुना वा सरयू के किनारे लड़ी थी।1857 में पड़ी जंग की नींव की वजह से हमारा देश आजाद हुआ ऐतिहासिक स्तर पर जंग की नींव रखने वाले इसी जमीन के लोग हैं इन्हीं लोगों की वजह से हमें आजादी मिली इसी विजन को हमें सुरक्षित रखना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को आदर्श रूप दे सकें। आजादी की लड़ाई में राणा के योगदान एवं बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है।रक्तदान महादान होता है ।इसी के बहाने हम ऐतिहासिक मूल्य एवम परंपरा को याद करते रहें।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ ने कहा कि आजादी के रणबाकुरों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए समिति के लोगों द्वारा जो कार्य किया जा रहे हैं वह सराहनीय है।वहीं समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हर वर्ष समिति द्वारा कई कार्य कराए जाते हैं।यह राणा साहब की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम होता है।राना बेनी माधव बक्स सिंह ने अवध क्षेत्र को 18 माह तक अंग्रेजों से मुक्त कर रखा था ।सैनिकों के बलिदान का कोई मूल्य नहीं है हमें उनकी स्मृति को पीढ़ियों तक याद रखना होगा।इस अवसर पर रक्तदान करने वाले डॉक्टर अशोक कुमार सिंह, कमलेंद्र सिंह आईटीबीपी के कोटम प्रसाद, अजय तिवारी, राजेश कुमार, स्वप्निल भोंसले, भानु प्रकाश, सूरज सिंह, शिवम, मयंक प्रताप सिंह, संदीप सिंह, अंशुमान सिंह, भीम सिंह, शिवम यादव, हरीश कुमार, सचिन मौर्य, बृजेश राय, डॉ रवि प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, दीपेंद्र मिश्रा, मोहित सोनी, शिक्षक विवेक मिश्रा, दुर्गेश मिश्रा, शिक्षक राहुल सिंह, गोविंद खन्ना, राजन कछवाह, महेंद्र सिंह, शिवा सिंह, अभिषेक तिवारी, संजय सिंह, प्रभाकर सिंह, विक्रांत सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह , राजेश सिंह, अखिलेश सिंह, देवर्षि तलरेजा, रोशन कुमार, एजाज, देवेंद्र सिंह, काव्य द्विवेदी, वरुण तिवारी, मयंक पांडे, राजेंद्र बहादुर सिंह, शिवांशु, शिवम सिंह, सोमेश, कैलाश निषाद, बालेंद्र सिंह, अंकित कुमार , उमेश चंद तिवारी, अनुराग सिंह यादव, आलोक पांडे, आदर्श सिंह, मो.मेहताब, राहुल कुमार, अभिषेक सिंह, अविरल सिंह, अविनाश, नृपेंद्र सिंह समेत सभी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# कृषि भवन सभागार में किसान समाधान दिवस आयोजित



**फिरोजाबाद।** बुधवार को कृषि भवन सभागार में किसान समाधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र प्रताप सिंह द्वारा कृषकों को बताया गया कि खरीफ फसलों जैसे बाजरा मक्का धान आदि की फसल बीमा कराने की अंतिम अवधि 31 जुलाई से बढ़ाकर 31 अगस्त 2025 कर दी गयी है इच्छुक कृषक उक्त अवधि के भीतर फसल बीमा कराकर लाभ प्राप्त कर सकतें है। साथ ही बताया कि आगामी रबी सीजन में तिलहनी फसलों में तोरिया की मिनीकिट ई-लॉटरी के माध्यम से कृषकों को वितरित की जा रही है,राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर सरसों चना एवं मटर आदि का बीज जल्द ही उपलब्ध करा दिया जायेगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत 20वीं किस्त भारत सरकार द्वारा कृषकों के खाते में हस्तांतरित कर दी गयी है। पी0एम0 किसान सम्मान निधि योजना हेतु एक कृषक परिवार में एक ही व्यक्ति पात्र है। एक ही कृषक परिवार में यदि पति-पत्नी दोनो योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हो उनमें से एक व्यक्ति को अपनी सम्मान निधि बन्द कराकर प्राप्त किस्तों को जमा कराना होगा। जिला कृषि अधिकारी सुमित कुमार चौहान ने कहा कि उर्वरक वितरण से सम्बन्धित शिकायतों के लिये जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है, जिसका मो. नम्बर-9119056835 है। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना माइक्रो इरीगेशन योजनान्तर्गत ड्रिप मिनी स्प्रिंकलर माइक्रो स्प्रिंकलर पर क्रमश 80% व लघु सीमान्त कृषकों को 90% एवं पोर्टेबिल स्प्रिंकलर रेनगन स्प्रिंकलर पर निर्धारित इकाई लागत का सामान्य कृषकों को 65% व लघु सीमान्त कृषकों को 75% अनुदान डीबीटी के माध्यम से लाभार्थी के खाते में हस्तान्तरण किया जायेगा। उन्होने कहा कि आलू बीज के लिए इच्छुक कृषक 15 सितम्बर 2025 से आवेदन कर सकेगें।मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य गौरव सिन्हा ने कृषकों को प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना सघन मत्स्य पालन में ऐरेसन सिस्टम के महत्व को बताया।भूमि संरक्षण अधिकारी चतुर्थ शैलेन्द्र कुमार ने कृषकों को खेत तालाव योजना किसान समृद्धि योजना व रेन फेड एरिया डवलपमेन्ट आरएडी योजना की कृषकों को जानकारी दी । जिला प्रबन्धक अग्रणी बैंक सुरेश करीरा द्वारा कृषकों को केसीसी के विषय में विस्तृत रूप से बताया गया समस्त कृषकों को केसीसी बैंक से कराना चाहिए क्योकि इसमें कम व्याज दर पर लोन कृषि की क्रिया-कलापों के लिए उपलब्ध होता है। प्रगतिशील कृषक रघुवीर सिंह ग्राम-नगला जुला विख-शिकोहाबाद द्वारा हल्दी की जैविक व प्राकृतिक खेती के विषय में विस्तृत जानकारी दी। प्रगतिशील कृषक कमलेश कुमार ग्राम-जैदामई, विख0-फिरोजाबाद द्वारा बाजरा की खेती सीडड्रील से बुबाई की गयी जिसमें कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

## नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**शाहगढ़,अमेठी।** विकास खण्ड शाहगढ़ के अन्तर्गत रामगंज में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के जन्म दिन पर निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय मुंशीगंज की टीम ने आयोजक सुभाष चन्द्र मिश्र के नेतृत्व में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कांग्रेस नेता राजू पंडित ने दीप प्रज्वलित कर किया।नेत्र चिकित्सा के डायरेक्टर डा. केएस ने वृक्षारोपण किया। नेत्र चिकित्सा शिविर में 105 लोगों का परीक्षण, 8 लोगों को चश्मा दिया गया और 65 लोगों को आपरेशन के लिए समय दिया गया।कार्यक्रम में हरिश्चन्द्र मिश्रा, शिव प्रकाश मिश्रा, रामयश मौर्य, बैजनाथ तिवारी, आलोक, शरद, गुलाम रसूल, अनुराग तिवारी, राधा मिश्रा, सपना, कल्पना के साथ चिकित्सको की टीम में डा. रमन पटेल, उमाशंकर , कल्पनाथ, भारती, स्नेहा,मनीषा, अंशू, प्रीती पाल आदि लोगो ने योगदान दिया।

## शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण को माध्यमिक शिक्षक संघ ने किया प्रदर्शन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ, सुलतानपुर इकाई द्वारा बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय परिसर में शिक्षक और कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया।यह आंदोलन प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित हुआ।धरने की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक राम विशाल द्विवेदी ने की, जबकि संचालन कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार यादव ने किया। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में भ्रष्टाचार और निरंकुशता अपने चरम पर है।सरकार शिक्षकों के हितों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने पुरानी पेंशन बहाली, स्थानांतरण, तदर्थ शिक्षकों के अवरुद्ध वेतन की बहाली व अभिलेख सत्यापन जैसे मुद्दों पर सरकार की उदासीनता पर नाराजगी जताई। जिला मंत्री ने 31 सूत्रीय प्रदेशीय और 16 सूत्रीय जिला स्तरीय मांग पत्र पढ़कर सुनाया और तदर्थ शिक्षकों की स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।उन्होंने शिक्षकों से संगठन पर विश्वास रखते हुए एकजुट रहने का आह्वान किया।उन्होंने बताया कि संगठन के प्रयासों से एनपीएस शिक्षकों के प्रान खातों में कटौती व राज्यांश जमा की प्रक्रिया पूर्ण हुई है।धरने में वक्ताओं ने धारा 12, 18, 21 की समाप्ति, वेतन वितरण अधिनियम के संशोधन और आउटसोर्सिंग कर्मियों को नियमित वेतन देने की मांग की। धरना उपरांत जिला अध्यक्ष व मंत्री ने डीआईओएस एस.पी. सिंह को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की। धरने में जनपद के सैकड़ों शिक्षक शामिल रहे, जिनमें डॉ. दिनेश प्रताप सिंह, डॉ. के.डी. सिंह, डॉ. गुलाब सिंह, अजय ओझा, डॉ. आर.पी. सिंह, मनोज मिश्रा, जितेन्द्र सिंह, चंद्र देव दूबे, अमिताभ द्विवेदी, नरेंद्र प्रताप यादव सहित अनेक प्रधानाचार्य व शिक्षक शामिल रहे।

# आधुनिक भारत के निर्माता थे राजीव गांधी

- राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि, गरीबों में बाँटी मिठाइयाँ




**सुलतानपुर (वीओएल)।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर शहर में कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। राजीव गांधी को आधुनिक भारत का शिल्पकार, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार क्रांति का जनक बताते हुए कांग्रेस कार्यकताओं ने उनके आदर्शों को स्मरण किया।

कार्यक्रम की शुरूआत तिकोनिया स्थित राजीव गांधी पार्क में हुई, जहां उनकी प्रतिमा पर पुष्पमाल्य अर्पित कर नमन किया गया। इसके उपरांत कांग्रेसजन शाहगंज तिराहे पहुंचे, जहां गरीबों, मजदूरों व जरूरतमंदों के बीच मिठाइयाँ और लड्डू वितरित किए गए। कांग्रेस मीडिया कोऑर्डिनेटर राजेश तिवारी ने कहा कि राजीव गांधी ने भारत को 21वीं सदी में ले जाने की नींव रखी थी। उनके विजन और विचार आज भी कांग्रेस कार्यकताओं को प्रेरणा देते हैं।श्री तिवारी ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव गरीब, मजदूर और आमजन के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है और करती रहेगी। इस मौके पर कांग्रेस के नि. जिला उपाध्यक्ष सिराज अहमद भोला, पवन मिश्र, तेज बहादुर पाठक, योगेश पांडेय, मिर्जा अकरम वेग, प्रेम भारती, जफर अहमद, महेंद्र सिंह, अमोल वाजपेई, आरबी पांडेय, मानिक चंद्र श्रीवास्तव, गुलाम मोहम्मद, शब्बू अहमद समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम में सभी ने एक स्वर में कहा कि देश की वैज्ञानिक, आर्थिक और तकनीकी प्रगति में राजीव गांधी का योगदान अविस्मरणीय है।

## विश्व मच्छर दिवस पर बच्चों को किया जागरूक

**सुलतानपुर।** केएनआईपीएसएस के प्राणिविज्ञान विभाग में बुधवार को विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना यादव ने किया, जिसमें मच्छरों से होने वाली बीमारियों और उनसे बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों साक्षी, शिफा, मिसकत, आंचल, अंकुश, अभय, तान्या, गीता, शालिनी, निखिल आदि ने भाषण व चार्ट से मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया व फाइलेरिया जैसे रोगों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वच्छता मच्छर जनित रोगों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार, डॉ. नाहिदा अंसारी और डॉ. रोमी भी उपस्थित रहीं।




# गोरखपुर लायंस ने नोएडा किंग्स को हराया

## यूपी टी-20 लीग 2025 : छठे मुकाबले में गोरखपुर लायंस ने दमदार प्रदर्शन करते हुए नोएडा किंग्स को 48 रनों से मात दी

**खेल संवाददाता**

लखनऊ। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में बुधवार को खेले गए यूपी टी-20 लीग 2025 के छठे मुकाबले में गोरखपुर लायंस ने दमदार प्रदर्शन करते हुए नोएडा किंग्स को 48 रनों से मात दी। इस जीत के साथ गोरखपुर की टीम अंक तालिका में मजबूत स्थिति में पहुँच गई। जबकि नोएडा किंग्स को दूसरी हार का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोरखपुर लायंस ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 186 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। टीम के टॉप ऑर्डर और मिडिल ऑर्डर बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी के साथ खेल दिखाया। अक्शदीप नाथ ने शानदार 42 रन (33 गेंद) बनाए और पारी को संवारने का काम किया। वहीं हरदीप सिंह (30 रन, 16 गेंद) और शिवम शर्मा (25 रन, 13 गेंद) ने तेजी से रन जोड़कर रनरेट को ऊपर रखा। आखिरी ओवरों में प्रिंस यादव ने केवल 12 गेंदों में 28 रनों की आतिशी पारी खेलकर स्कोर को 180 से ऊपर पहुँचाया। नोएडा किंग्स की गेंदबाजी अपेक्षा के अनुरूप नहीं रही। उनके गेंदबाज लगातार रन लुटाते रहे। युवराज सिंह और जस्मेर धनखड़ ने दो-दो विकेट जरूर हासिल किए, लेकिन रन रोक पाने में विफल रहे। वहीं नमन तिवारी ने चार ओवर में 37 रन देकर एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नोएडा किंग्स की शुरूआत तेज रही। टीम को प्रियंशु पांडे ने पावरप्ले में शानदार बल्लेबाजी से उम्मीद दी। उन्होंने केवल 24 गेंदों में ताबड़तोड़ 53 रन बनाए, जिसमें चौके-छक्कों की बरसात देखने को मिली। लेकिन उनके आउट होते ही नोएडा की पारी




लड़खड़ा गई। बीच के ओवरों में गोरखपुर के गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ पर गेंदबाजी की और लगातार विकेट निकालते रहे। नोएडा की ओर से रवि सिंह ने 17 गेंदों में 30 रन बनाए और कुछ देर तक संघर्ष किया, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके। नतीजतन पूरी टीम 16.2 ओवर में सिर्फ 138 रन ही बना सकी और 48 रनों से मैच गंवा बैठी। गोरखपुर की जीत में उनके गेंदबाजों का भी अहम योगदान रहा। वासु वत्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2.2 ओवर में सिर्फ 14 रन देकर 2 विकेट झटके। वहीं अब्दुल रहमान ने 3 ओवर में 25 रन देकर 1 विकेट हासिल किया।

### ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने पुरानी दिल्ली 6 को 21 रन से हराया

नयी दिल्ली। नवदीप सैनी की शानदार गेंदबाजी के दम पर ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने पुरानी दिल्ली 6 को 21 रन से हराया और इस तरह से वह दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सत्र के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई। राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अर्पित राणा के 64 और कप्तान अनुज रावत के 59 रन की मदद से छह विकेट पर 172 रन बनाए। पुरानी दिल्ली 6 की ओर से देव लाकड़ा और आयुष सिंह ने दो-दो विकेट लिए। पुरानी दिल्ली 6 की टीम इसके जवाब में समर्थ सेठ (30 गेंदों पर 41 रन), प्रणव पंत (25 गेंदों पर 29 रन) और कप्तान वंश बेदी (26 गेंदों पर 48 रन) की शानदार पारियों के बावजूद आठ विकेट पर 151 रन ही बना पाई। नवदीप सैनी राइडर्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने अपने चार ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

# आईसीसी की वनडे बैटर्स रैंकिंग से रोहित- कोहली के नाम गायब

दुबई। आईसीसी रैंकिंग में जारी रिपोर्ट के अनुसार रोहित दूसरे और कोहली चौथे स्थान पर थे। आईसीसी की ताजा रैंकिंग से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के नाम गायब हो गए थे। पिछले हफ्ते 13 अगस्त को जारी रैंकिंग में दोनों भारतीय बल्लेबाज टॉप-5 में शामिल थे। रोहित शर्मा नंबर-2 पर थे, जबकि विराट कोहली नंबर-4 पर थे। लेकिन, बुधवार को जब वनडे बैटर्स की रैंकिंग जारी हुई तो उसमें न तो रोहित शर्मा का नाम था और न ही विराट कोहली का। करीब 4 घंटे बाद आईसीसी ने इस गलती को सुधार लिया। हालांकि क्रिकेटिंग बोर्ड ने इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी। आईसीसी की रैंकिंग में इससे पहले भी गलतियां हो चुकी हैं, जिन्हें बाद में ठीक कर लिया गया था। 3 साल पहले आईसीसी ने भारतीय टीम को गलती से टेस्ट की नंबर-1 टीम बना दिया था। फिर करीब ढाई घंटे के बाद इस गलती को ठीक किया गया था। बैटर्स में गिल टॉप पर कायम, बाबर दूसरे नंबर पर आए ताजा रैंकिंग में शुभमन गिल 784 अंक के साथ नंबर-1 पर कायम हैं, जबकि बाबर आजम (739 अंक) दूसरे नंबर पर आ गए हैं। गिल के अलावा, श्रेयस अय्यर ही दो भारतीय खिलाड़ी हैं, जो ओडिआई बल्लेबाज रैंकिंग के टॉप 10 में शामिल हैं। वेस्टइंडीज के शाई होप को 2 स्थान का फायदा हुआ है। भारत ढाई घंटे नंबर-1 रहा पहला मामला 18 जनवरी 2022 को हुआ था। जब आईसीसी की ऑफिशियल वेबसाइट पर दोपहर 1:30 बजे के करीब भारत को नंबर-1 टेस्ट टीम बताया गया। फिर ढाई घंटे बाद ही 4 बजे भारत को नंबर-1 से हटाकर नंबर-2 टेस्ट टीम कर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया फिर नंबर-1 टेस्ट टीम हो गई। वर्ल्ड क्रिकेट में भारत की 6 घंटे की बादशाहत फरवरी 2022 में आईसीसी की गलती से भारत दूसरी बार टेस्ट में नंबर-1 टीम बन गई थी। 6 घंटे बाद आईसीसी ने फिर नई रैंकिंग जारी की। इसमें भारत फिर से दूसरे और ऑस्ट्रेलिया नंबर वन था। बॉलर्स में केशव महाराज नंबर-1, कुलदीप को एक स्थान का नुकसान बॉलर्स में साउथ अफ्रीका के केशव महाराज नंबर-1 पर पहुंच गए हैं। उन्हें 2 स्थान का फायदा हुआ हैं। केशव ने 687 रेटिंग प्वॉइंट्स हासिल किए और उनका करियर बेस्ट 741 है, जो 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोलकाता में मिला था। केशव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 5 विकेट लिए थे। दूसरे नंबर पर श्रीलंका के महीश तीक्षणा हैं, जिनके 671 प्वॉइंट्स हैं। भारत के कुलदीप यादव 650 प्वॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर हैं। उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ हैं। बुधवार को जारी हुई आईसीसी वनडे रैंकिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बिना मैच खेले ही नंबर-2 बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित के 756 रेटिंग पॉइंट्स हैं। भारतीय कप्तान को वेस्टइंडीज दौरे पर पाकिस्तानी बैटर बाबर आजम के खराब प्रदर्शन का फायदा हुआ है। बाबर 3 मैचों की सीरीज में 56 रन ही बना सके हैं। वहीं दूसरी ओर भारत के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव बुधवार को जारी गेंदबाजों की नवीनतम आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गए जबकि दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। महाराज ने केर्न्स में तीन मैच की श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मैच में अपनी टीम को ऑस्ट्रेलिया पर 98 रन से जीत दिलाने के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया।

- कुलदीप एकदिवसीय रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसके




## संक्षेप

### मेघालय के खिलाड़ियों ने जीते 41 पदक

शिलांग। मेघालय के खिलाड़ियों ने अपनी ख्याति के अनुरूप शानदार प्रदर्शन करते हुए हाल में नयी दिल्ली में आयोजित की गई 19वीं अखिल भारतीय स्वतंत्रता कप कराटे चैम्पियनशिप से 41 पदक जीते। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मेघालय ने कुमिते (मुक्केबाजी) और काटा (नृत्यबद्ध गतिविधि) दोनों में 10 स्वर्ण, 16 रजत और 15 कांस्य पदक हासिल किए। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कुल मिलाकर 35 खिलाड़ी पदक हासिल करने में सफल रहे।

### भारत ने सैफ अंडर-17 में नेपाल को 7-0 से हराया

थिम्पू। भारत ने नीरा चानू लोंगजैम, अभिष्टा बेसनेट और अनुष्का कुमारी के दो-दो गोल की मदद से सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप के अपने पहले मैच में नेपाल को 7-0 से रौंद दिया। भारत की ओर से नीरा (25वें और 56वें मिनट), अभिष्टा (16वें और 41वें मिनट) और अनुष्का (37वें और 62वें मिनट) ने दो-दो गोल दागे जबकि कप्तान जूलन नोंगमेथेम ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में एक गोल किया। भारतीय टीम मध्यांतर तक 5-0 से आगे थी।

### केआईडब्ल्यूएसएफ में भाग लेंगे कैनो, कयाक व नौकायन खिलाड़ी

श्रीनगर। देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ कैनो, कयाक और नौकायन खिलाड़ी बृहस्पतिवार से यहां शुरू होने वाले पहले खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव में प्रतिष्ठित डल झील पर वर्चस्व के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह प्रतियोगिता तीन दिन तक चलेगी। इसमें 400 से अधिक खिलाड़ी इन तीन जल क्रीड़ा विधाओं में 24 स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रतियोगिता में उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा और केरल के दबदबे की उम्मीद है। केआईडब्ल्यूएसएफ में नौकायन की 10 स्पर्धायें भी हैं जो ओलंपिक कार्यक्रम का हिस्सा हैं।

### संधू को चैंपियनशिप में दो शॉट की बढ़त

होसुर (तमिलनाडु)। चंडीगढ़ के गोल्फर युवराज संधू ने बुधवार को पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप में दूसरे दौर में चार अंडर 67 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त दो शॉट की कर ली। पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर चल रहे और पिछले सप्ताह के विजेता संधू (63-67) का कुल स्कोर 12 अंडर 130 है। ओलंपियन और पुणे के गोल्फर उदयन माने (67-65) ने दिन का सबसे कम 65 का कार्ड खेला जिससे वह आठ स्थान की छलांग लगाकर 10 अंडर 132 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

# सौरभ व सुरुचि की जोड़ी ने एयर पिस्टल में जीता कांस्य

**एजेंसी**

शिमकेंट (कजाखस्तान)। सौरभ चौधरी और सुरूचि इंदर सिंह की भारतीय जोड़ी ने एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में बुधवार को चीनी ताइपै को हराकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग का कांस्य पदक जीता। दोनों ने लियू हेंग यू और सियेह सियांग चेन को 17 .9 से हराया। इससे पहले मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता था।

भारतीय जोड़ी ने क्वालीफाइंग दौर में पांचवां स्थान हासिल किया जब सुरूचि ने 292 और सौरभ ने 286 स्कोर किया। दोनों का कुल स्कोर 578



रहा और आठ टीमों के पदक दौड़ में प्रवेश के समय वे पांचवें स्थान पर थे। स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा शीर्ष दो टीम चीन और दक्षिण कोरिया के बीच थी। इसमें चीन ने 16-12 से जीत हासिल कर पहला स्थान हासिल किया। अन्य चार टीमों ने दो कांस्य पदक के लिए प्रतिस्पर्धा की जिसमें भारत ने पहले कांस्य पदक के मुकाबले में चीनी ताइपे को हराया और दूसरे मुकाबले में ईरान ने वियतनाम को 16-8 से मात दी। इस साल चार विश्व कप पदक जीत चुकी सुरूचि ने क्वालीफिकेशन दौर में परफेक्ट 100 के साथ शुरूआत की। दूसरे में 94 और तीसरे में 98 स्कोर किया। चौधरी का स्कोर 95, 96 और 95 रहा। कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में पहले 16 अंक तक पहुंचने वाली टीम जीत जाती है।

### एशिया कप के लिए भारतीय हॉकी टीम का ऐलान, लाकड़ा और दिलप्रीत को जगह

नयी दिल्ली। बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के लिये 18 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान बुधवार को किया गया जिसमें फॉरवर्ड शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह ने अपनी जगह बरकरार रखी है। टूर्नामेंट 29 अगस्त से सात सितंबर तक खेला जायेगा जिसके विजेता को अगले साल एफआईएच पुरूष विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा जो 14 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में होना है। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम के कप्तान हैं। राजिंदर सिंह, लाकड़ा और दिलप्रीत आस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का हिस्सा थे। राजिंदर को शमशेर सिंह की जगह चुना गया जबकि लाकड़ा ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने वाले ललित उपाध्याय की जगह ली है। दिलप्रीत को गुरजंत सिंह पर तरजीह मिली है। स्ट्राइकर ललित उपाध्याय ने जून में एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लिया था।

### डाइमंड लीग फाइनल्स में नीरज की जगह पक्की

नयी दिल्ली। डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की करने के बाद भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इस प्रतिष्ठित सीरीज के शुक्रवार को बेल्जियम के ब्रसेल्स में होने वाले अंतिम चरण में हिस्सा नहीं लेंगे। डाइमंड लीग की 14 प्रतियोगिताओं में से चार में पुरुष भाला फेंक को जगह मिली है। नीरज ने सिर्फ दो प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया लेकिन स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 28 अगस्त को होने वाले डाइमंड लीग फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे। इस भारतीय खिलाड़ी ने 16 अगस्त को सिलेसिया चरण में भी हिस्सा नहीं लिया था। भारत के 27 वर्षीय गत विश्व चैंपियन नीरज ने मई में दोहा डाइमंड लीग में 90.23 मीटर के प्रयास के साथ 90 मीटर का जादुई आंकड़ा पार किया था लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने इसके बाद जूनर में 88.16 मीटर के प्रयास से पेरिस डाइमंड लीग का खिताब जीता। ब्रसेल्स चरण के बाद शीर्ष छह खिलाड़ी ज्यूरिख में होने वाले डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह बनाएंगे। नीरज ने अपना पिछला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट पांच जुलाई को बेंगलुरु में एनसी क्लासिक के रूप में खेला था जहां उन्होंने 86.18 मीटर के प्रयास के साथ अपनी मेजबानी में हुआ टूर्नामेंट जीता था।

# सिंकफील्ड कप : गुकेश ने अब्दुसत्तोरोव पर जीत के साथ की वापसी



**एजेंसी**

सेंट लुई (अमेरिका)। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने शुरुआती दौर की असफलता को पीछे छोड़ते हुए यहां सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में उज्बेकिस्तान के पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव पर शानदार जीत दर्ज की। पहले दौर में अपने साथी भारतीय खिलाड़ी गुकेश को हराने वाले आर प्रज्ञाननंदा ने दूसरे दौर में अमेरिका के फैबियानो कारूआना के साथ अंक बांटे।

एक अन्य मैच में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिजूसटॉफ़ को हराया। अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने हमवतन सैमुअल सेवियन के साथ ड्रॉ खेला और संयुक्त बढ़त बनाए रखी। एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने 10 खिलाड़ियों के 3,75,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ ड्रॉ खेला। अब जबकि सात दौर का खेल होना बाकी है तब प्रज्ञाननंदा, अरोनियन और फिरोजा 1.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। गुकेश, कारूआना, वेस्ली सो, सेवियन और वाचियर-लाग्रेव संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। डूडा आधे अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं, जबकि अब्दुसत्तोरोव लगातार दूसरी बाजी हारने के बाद अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाए हैं। वहीं दूसरी ओर भारत के महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद अमेरिका के सेंट लुईस में अक्टूबर में होने वाले क्लच शतरंज नुमाइशी मैच में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रहे रूस के गैरी कास्पोरोव से खेलेंगे जबकि विश्व चैम्पियन डी गुकेश की टक्कर मैग्नस कार्लसन से होगी। कास्पोरोव और आनंद की टक्कर आखिरी बार 2021 में क्रोएशिया रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में जगरेब में हुई थी जिसमें भारतीय खिलाड़ी ने जीत दर्ज की। दोनों के बीच 82 मुकाबले हो चुके हैं जिनमें से 30 ड्रॉ रहे और जीत के मामले में कास्पोरोव का दबदबा रहा। सेंट लुईस शतरंज क्लब ने एक विज्ञप्ति में कहा, दो पूर्व विश्व चैम्पियन गैरी कास्पोरोव और विश्वनाथन आनंद विशेष क्लच शतरंज (लीजैंड्स) नुमाइशी मैच (सात से 11 अक्टूबर) में आमने सामने होंगे। इसमें कहा गया। यह नुमाइशी मैच क्लब की नयी सुविधा में आयोजित होने वाला पहला मैच होगा। इसमें 144000 डॉलर ईनामी राशि होगी जो दोनों दिग्गजों के बीच 12 मुकाबलों के शतरंज 960 मैचों (फिशर रैंडम) में दी जायेगी।

### एआईटीए के विरोधी गुटों में डेविस कप के लिए टीम मैनेजर को लेकर तकरार

नयी दिल्ली। पिछले साल हुए एआईटीए चुनावों के नतीजे अभी तक घोषित नहीं किए गए हैं लेकिन अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के प्रतिद्वंद्वी गुटों ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले के लिए अलग-अलग टीम मैनेजर चुन लिए हैं जिससे सदस्यों के बीच अहंकार की लड़ाई शुरू हो गई है। एआईटीए ने 28 सितंबर 2024 को चुनाव कराए थे लेकिन पूर्व खिलाड़ियों सोमदेव देववर्मन और पूरव राजा द्वारा दायर याचिका के कारण नतीजे दिल्ली उच्च न्यायालय में सीलबंद लिफाफे में जमा किए गए। खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि खेल संहिता (2011) का पालन नहीं किया गया। तब से पुरानी कार्यकारी समिति ही खेल संस्था के मामलों का प्रबंधन कर रही है लेकिन एक नया विवाद तब खड़ा हो गया जब इस साल 27 जून को कार्यकारी समिति ने अनिल धूपर को महासचिव पद से हटा दिया और सुंदर अय्यर को अंतरिम सचिव नियुक्त किया। धूपर ने अपने निष्कासन को अदालत में चुनौती दी है जिस पर अगली सुनवाई 10 सितंबर को होगी। खेल मंत्रालय ने एआईटीए के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। अब जबकि राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम 2025 लागू हो गया है तो इस मामले का जल्द ही निष्कर्ष निकल जाना चाहिए। अय्यर ने नौ अगस्त को कार्यकारी समिति के सदस्यों को सूचित किया कि त्रिपुरा संघ के सचिव सुजीत रॉय 12 और 13 सितंबर को बील में होने वाले मुकाबले के लिए भारतीय डेविस कप टीम के साथ मैनेजर के तौर पर स्विट्जरलैंड जाएंगे। इस घोषणा के बाद कार्यकारी समिति के सदस्यों के बीच ईमेल के जरिए इस नियुक्ति पर बहस हुई।

अहमदाबाद में 27 जून को हुई कार्यकारी समिति की बैठक की वैधता को चुनौती देने वाले धूपर ने कहा कि महासचिव का मैनेजर के तौर पर टीम के साथ यात्रा करना एक लंबे समय से चली आ रही परंपरा है और एआईटीए अध्यक्ष अनिल जैन ने उनके नाम को मंजूरी दे दी है। बंगाल टेनिस संघ (बीटीए) के अध्यक्ष हिरण्मय चटर्जी ने बताया कि मैनेजर को नामित करने का अधिकार कार्यकारी समिति के पास है और धूपर ने पहले भी कार्यकारी समिति की मंजूरी के बाद ही मैनेजर के तौर पर यात्रा की थी। चटर्जी ने सभी सदस्यों को धूपर द्वारा भेजे गए ईमेल को नजरअंदाज करने की सलाह दी और अखिल असम टेनिस संघ (एएटीए) के अध्यक्ष रक्तिम सैकिया ने उनके विचार का समर्थन किया। हालांकि एआईटीए के उपाध्यक्ष नवनीत सहगल ने सदस्यों को परंपरा का सम्मान करने और मेरा आदमी उसका आदमी की अवधारणा में नहीं पड़ने की सलाह दी। एआईटीए के एक अन्य उपाध्यक्ष चिंतन पारिख ने कहा कि धूपर को अदालत से कोई अनुकूल निर्णय नहीं मिला है।

### सऊदी क्रिकेट महासंघ और अमेरिकी लीग के बीच करार

ह्यूस्टन। सऊदी अरब क्रिकेट महासंघ (एसएसीएफ) और डलास स्थित नेशनल क्रिकेट लीग (एनसीएल) ने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर पर क्रिकेट को मजबूत करने और खिलाड़ियों के लिए सुगम राह तैयार करने के लिए साझेदारी की घोषणा की है। लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों से क्रिकेट 128 वर्ष बाद इस खेल महाकुंभ में वापसी करेगा। यह साझेदारी स्कूल और सामुदायिक कार्यक्रमों, कोचिंग और अंपायरिंग प्रमाणन, तकनीकी विशेषज्ञता के आदान-प्रदान और उत्तरी अमेरिका में एनसीएल कार्यक्रमों के माध्यम से सऊदी अरब के खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर केंद्रित होगा। इनमें कॉलेजिएट क्रिकेट लीग और पाथ टू क्रिकेट प्रो टैलेंट हंट शामिल हैं, जिनका उद्देश्य अगली पीढ़ी के पेशेवर खिलाड़ियों को तैयार करना है। एनसीएल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने कहा, यह क्रिकेट के प्रति साझा जुनून और इसके भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण वाले दो देशों को जोड़ने वाला सेतु है। हम युवा खिलाड़ियों के लिए स्थानीय स्तर से लेकर विश्व मंच तक पहुंचने के वास्तविक अवसर पैदा कर रहे हैं। सऊदी अरब में हाल के वर्षों में क्रिकेट में लोगों की दिलचस्पी काफी बढ़ी है। एसएसीएफ ने कहा कि एनसीएल के साथ साझेदारी से विकास कार्यक्रमों में तेजी आएगी जिससे उभरती प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने में मदद मिलेगी।

# फुटबॉल : एमबाप्पे के गोल से रियाल मैड्रिड को मिली जीत

**एजेंसी**

मैड्रिड। काइलियन एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड के साथ अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे उनकी टीम ने मंगलवार को स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के अपने पहले मैच में ओसासुना पर 1-0 से जीत दर्ज की। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड से जुड़ने वाले एमबाप्पे ने 51वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर मेज़बान टीम को जीत दिलाई। एमबाप्पे ने इस तरह से रियाल मैड्रिड के साथ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने पिछले सत्र में क्लब की तरफ से सर्वाधिक गोल किए थे।

रियाल मैड्रिड ने इस तरह से अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना की तरह नए सत्र की जीत से शुरुआत की। बार्सिलोना ने शनिवार को मालोर्का पर 3-0 की आसान जीत दर्ज की थी। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड स्पेनिश लीग में बार्सिलोना के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। ओसासुना नौवें स्थान पर रहा था। वहीं दूसरी ओर लिवरपूल के फॉरवर्ड मोहम्मद सालाह और आर्सेनल की मिडफील्डर मैरियोना कैल्डेन्टी को मंगलवार को प्रोफेशनल फुटबॉलर्स एसोसिएशन पुरस्कारों में पिछले सत्र के लिए इंग्लिश फुटबॉल में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी



चुना गया। इस पुरस्कार के लिए इंग्लैंड में खेलने वाले साथी पेशेवर खिलाड़ी मतदान करते हैं। सालाह ने रिकॉर्ड तीसरी बार यह पुरस्कार जीता है। मिस्र के इस 33 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने प्रीमियर लीग में 29 गोल किए, जिसकी बदौलत लिवरपूल ने रिकॉर्ड 20वीं बार चैंपियनशिप जीती। सालाह ने इस वर्ष के शुरू में तीसरी बार फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन का फुटबॉलर ऑफ द ईयर पुरस्कार भी जीता था। महिला वर्ग में 29 वर्षीय कैल्डेन्टी ने आर्सेनल के साथ अपने पहले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया और सभी प्रतियोगिताओं में 19 गोल किए। एस्टन विला के मिडफील्डर मॉर्गन रोजर्स को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष युवा खिलाड़ी चुना गया।

संक्षेप

## ईज पेंशन प्लान लॉन्च

नई दिल्ली। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने पॉलिसीबाजार. काम के सहयोग से अपना नया ईज पेंशन प्लान लॉन्च किया है। यह इंडिविजुअल लिंक्ड पेंशन प्लान पॉलिसीहोल्डर्स को रिटायरमेंट के वर्षों में वित्तीय स्वतंत्रता दिलाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। भारत में बढ़ती स्वास्थ्य लागत और रिटायरमेंट प्लानिंग के प्रति सीमित जागरूकता के कारण बहुत से लोग कामकाजी जीवन के बाद के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हो पाते। ईज पेंशन प्लान इस अंतर को भरने की कोशिश करता है और ग्राहकों को एक अनुशासित तरीके से धीरे-धीरे रिटायरमेंट कॉर्पस बनाने का अवसर देता है। इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 (यूएनएफपीए इंडिया और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंसेज का संयुक्त अध्ययन) के अनुसार, 2050 तक भारत में 60 वर्ष से अधिक उम्र की आबादी लगभग दोगुनी हो जाएगी।

## एक्सिस मैक्स लाइफ मोबाइल एप लॉन्च करने की घोषणा

नई दिल्ली। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने एक्सिस मैक्स लाइफ मोबाइल एप लॉन्च करने की घोषणा की है। इस एप को लाइफ इंश्योरेंस मैनेजमेंट आसान बनाने और ग्राहकों के अनुभव को बेहतर करने के लिए डिजाइन किया गया है। एप में एक वेलनेस बेनिफिट की पेशकश भी की गई है, जिससे हॉलिस्टिक वेलनेस को बढ़ावा मिलेगा। यह एप एंड्रॉयड एवं आईओएस डिवाइस, दोनों के लिए उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड के पहले मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था।

## मीशो मॉल और मैरिको के साथ साझेदारी

नई दिल्ली। मीशो मॉल और मैरिको का गठबंधन मीशो प्लेटफॉर्म पर पर्सनल केयर एवं वैलनेस ब्रांड्स का संग्रह बढ़ाएगा। इस गठबंधन के बाद मैरिको के भरोसेमंद ब्रांड, जैसे पैराशूट एडवांस्ड, पैराशूट एडवांस्ड बेबी, लिवॉन, काया, बायो ऑयल और सेट वेट टियर 2 एवं अन्य शहरों में मीशो के बड़े ग्राहक वर्ग को उपलब्ध हो गए हैं। यह गठबंधन भारत में परिवारों के लिए उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाने के मीशो और मैरिको के उद्देश्य के अनुरूप है। मीशो मॉल पर मैरिको के इस पोर्टफोलियो ने पर्सनल केयर, हैल्थ एवं वैलनेस सहित मुख्य श्रेणियों को मजबूत बनाया है।

## कोक स्टूडियो भारत ने अपने संगीत के सफर को जारी रखा

नई दिल्ली। कोक स्टूडियो भारत अपने तीसरे सीजन के पांचवें गाने अर्ज. किया है के साथ भारत की समृद्ध संगीत परंपराओं का जश्न मना रहा है। इस खूबसूरत हिंदी गीत में मशहूर सिंगर-सॉन्गराइटर अनुव जैन ने अपनी प्रतिभा दिखाई है। उन्होंने इस गाने को खुद लिखा,इसका कॉन्सेप्ट बनाया, संगीत दिया और इसे गाया भी है। यह गाना प्यार,दूरी और अनकहे जज्बातों की एक नाजुक कहानी बयां करता है। अनुव जैन ने दिल को छू लेने वाली कहानी कहने के अपने अनूठे अंदाज में इंतजार के पलों, खामोशी के बोझ और दिल की गहरी भावनाओं को बेहद खूबसूरती से व्यक्त किया है।

## बी यू नेचुरल ला रहा है लक्जरी सैलून सेवाएं

नई दिल्ली। बी यू नेचुरल शार्क टैंक इंडिया पर भारत का ध्यान आकर्षित करने वाली तेजी से बढ़ती सैलून श्रृंखला टियर-2 शहरों में सुंदरता के अनुभव को नई परिभाषा दे रही है। कानपुर में अपने दूसरे सैलून और उन्नाव में अपने पहले आउटलेट के लॉन्च के साथ, यह ब्रांड शानदार सैलून सेवाओं को हर किसी की पहुँच में ला रहा है।

## 27 को रिलीज होगी वश लेवल 2

नई दिल्ली। शाप अब भी ज़िंदा है बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली गुजराती थ्रिलर वश की अगली कड़ी वश विवश लेवल 2 का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। 2023 में आई इस सुपरनैचुरल थ्रिलर ने गुजराती सिनेमा के परिदृश्य को बदल दिया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल की और बेस्ट गुजराती फिल्म का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीता। वश विवश लेवल 2 का लेखन और निर्देशन कृष्णदेव याग्निक ने किया है, जबकि इसके निर्माता कल्पेश सोनी और क्रुणाल सोनी हैं। फिल्म 27 अगस्त 2025 को पूरे भारत में रिलीज होगी। गुजराती में यह वश लेवल 2 और हिंदी में वश विवश लेवल 2 के नाम से प्रदर्शित होगी।

# सेंसेक्स में 213 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 213 अंक के लाभ में रहा, जबकि निफ्टी 25,000 अंक के पार पहुंच गया। मुख्य रूप से आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से बाजार में तेजी बनी रही।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 213.45 अंक यानी 0.26 प्रतिशत चढ़कर 81,857.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 341.23 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 69.90 अंक यानी 0.28 प्रतिशत बढ़कर 25,050.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में, इन्फोसिस में सबसे अधिक 3.88 प्रतिशत और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में 2.69 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, इटर्नल और एचसीएल टेक भी लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स और ट्रेंट शामिल हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर आधा प्रतिशत नुकसान में रहा। मजबूत घरेलू पूंजी प्रवाह और अनुकूल वृहद आर्थिक गतिविधियों के समर्थन से भारतीय बाजार ने अपनी सकारात्मक गति बनाए रखी। हालांकि, उच्च मूल्यांकन और बाहरी जोखिम, विशेष रूप से रूसी कच्चे तेल की खरीद पर अमेरिकी शुल्क के कारण चुनौतियां बनी हुई हैं। इसलिए, अमेरिकी व्यापार नीति और आय में सुधार की राह पर चीजें स्पष्ट होना महत्वपूर्ण है। इस बीच, आज बाद में एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) की रिपोर्ट जारी होने से पहले वैश्विक धारणा सतर्क है और निवेशकों का ध्यान धीरे-धीरे इस सप्ताहांत जैक्सन हॉल संगोष्ठी में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख के संबोधन पर केंद्रित है। इससे भविष्य की नीति दिशा पर स्पष्ट मार्गदर्शन मिलने की उम्मीद है। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.39 प्रतिशत मजबूत हुआ जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप 0.30 प्रतिशत चढ़ा। बड़े पैमाने पर आईटी शेयरों में खरीदारी और स्थिर घरेलू धारणा से तेजी को समर्थन मिला। किसी भी बड़े घरेलू संकेतक के अभाव में, जैक्सन होल संगोष्ठी में फेडरल रिजर्व के बयान, वैश्विक घटनाक्रम और जीएसटी परिषद की बैठक में चर्चा जैसे संकेतकों पर निवेशकों की नजर है। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुआ।

# रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 87.07 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया शुरुआती नुकसान से उबरकर छह पैसे की बढ़त के साथ 87.07 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि व्यापार शुल्क को लेकर तनाव कम होने और रूस व यूक्रेन के बीच शांति की उम्मीदों ने निवेशकों को उत्साहित किया है। इसके अलावा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में प्रस्तावित सुधारों और एक विदेशी एजेंसी द्वारा हाल ही में क्रेडिट रेटिंग में सुधार से भारतीय अर्थव्यवस्था में भरोसा बढ़ा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.16 प्रति डॉलर पर कमजोर रुख के साथ लेकिन दिन में नुकसान की भरपाई करते हुए 86.98 प्रति डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंच गया। अंत में यह 87.07 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की बढ़त है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.13 पर बंद हुआ था। हमारा अनुमान है कि व्यापार शुल्क तनाव कम होने तथा रूस और यूक्रेन के बीच शांति की उम्मीदों के बीच वैश्विक बाजारों में जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ने से रुपया सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। घरेलू बाजार में सकारात्मक रुख ने भी स्थानीय मुद्रा को समर्थन दिया। डॉलर-रुपये का हाजिर भाव 86.60 से 87.30 के बीच रहने का अनुमान है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.20 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 213.45 अंक चढ़कर 81,857.84 अंक पर और निफ्टी 69.90 अंक की बढ़त के साथ 25,050.55 अंक पर बंद हुआ।

# निर्यात पर अंकुश में ढील सकारात्मक संकेत भारत को निर्यात पर निर्भरता कम करनी होगी

नयी दिल्ली। भारत को दुर्लभ खनिजों और उर्वरकों के निर्यात पर पाबंदियों में ढील देने का चीन का फैसला एक सकारात्मक संकेत है। हालांकि भारत को पड़ोसी देश पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए काम करना चाहिए जिसके साथ उसका 100 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार घाटा चिंताजनक है।

2014 से 2024 के बीच भारत के आयात परिदृश्य पर चीन का प्रभुत्व और अधिक बढ़ गया है। भारत के दूरसंचार और इलेक्ट्रॉनिक आयात में इसकी हिस्सेदारी 57.2 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि मशीनरी एवं हार्डवेयर में यह 44 प्रतिशत है। रसायन एवं दवा के आयात में 28.3 प्रतिशत के साथ यह दूसरे स्थान पर रहा। भारत के लिए एकमात्र वास्तविक सुरक्षा उपाय, निर्भरता कम करके, गहन विनिर्माण में निवेश करके और एक सच्चा उत्पाद राष्ट्र बनकर घरेलू स्तर पर मजबूती बनाना है। एक मजबूत एवं अधिक आत्मनिर्भर भारत, चीन के साथ समान स्तर पर बातचीत करने में बेहतर स्थिति में होगा तथा अचानक बदलावों का शिकार होने के बजाय संबंधों को स्थिर एवं व्यावहारिक बनाए रखेगा। चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा जो वित्त वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है, वह काफी चिंताजनक है।

# देश सस्ता हाइड्रोजन बनाकर तेल उत्पादक देशों की बराबरी कर सकता है: गडकरी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि यदि देश में हाइड्रोजन बनाने की लागत को एक डॉलर प्रति किलोग्राम तक लाया जा सका, तो वह ऊर्जा आयातक से वैश्विक निर्यातक बन सकता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान में हाइड्रोजन की लागत लगभग पांच से छह डॉलर प्रति किलोग्राम है, जो पारंपरिक ईंधनों की तुलना में काफी महंगी है। गडकरी ने कहा कि यदि हम इसे एक डॉलर प्रति किलोग्राम तक लाने में सफल हो जाते हैं, तो भारत मौजूदा तेल उत्पादक देशों के समान स्थिति में पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि



हाइड्रोजन, ऊर्जा के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। मंत्री ने कहा कि सबसे बड़ी बाधा हाइड्रोजन फिलिंग स्टेशन स्थापित करने और ईंधन के परिवहन के लिए प्रणालियां विकसित करने में है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में तत्काल और व्यापक स्तर पर काम करने की आवश्यकता है। ऊर्जा के लिए कचरे के उपयोग की संभावना के बारे में गडकरी ने कहा कि नगर निगम का ठोस कचरा ही काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि हम कचरे को अलग करें, उसमें से जैविक पदार्थ निकालकर उसे बायोडाइजेस्टर्स में डालें तो उससे मीथेन गैस बनती है। मीथेन को सीएनजी में बदलने के बजाय यदि हम इसका उपयोग ग्रीन हाइड्रोजन बनाने में करें तो केवल देश के नगर निगम के कचरे से ही बेहद सस्ती हाइड्रोजन उत्पन्न हो सकती है। गडकरी ने कहा कि हाइड्रोजन, जीवाश्म ईंधन का स्थान ले लेगा। यह न केवल परिवहन के लिए महत्वपूर्ण होगा, बल्कि दवा, रसायन और इस्पात के क्षेत्र में भी इसका उपयोग होगा।

# ऑनलाइन मनी गेमिंग में हर साल 45 करोड़ लोग गंवा देते हैं 20,000 करोड़

नयी दिल्ली। सरकार का अनुमान है कि ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग में हर साल करीब 45 करोड़ लोग लगभग 20,000 करोड़ रुपये गंवा बैठते हैं। एक आधिकारिक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि सरकार ने यह माना है कि ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग समाज के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है लिहाजा राजस्व हानि की आशंका के बावजूद लोगों के कल्याण को प्राथमिकता देने का फैसला किया गया है। सूत्र ने कहा कि एक मोटा अनुमान है कि 45 करोड़ लोग हर साल गेमिंग गतिविधियों में अपने पैसे गंवा देते हैं। यह नुकसान कुल मिलाकर करीब 20,000 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

# लेक्सस इंडिया की नयी एनएक्स 350एच एसयूवी अनुभव को बनाती है और बेहतर

बेंगलुरु। लेक्सस इंडिया ने अपनी बहुप्रशंसित एनएक्स एसयूवी में नए सुधारों की घोषणा की है, जिससे भारत में अपने गेस्ट को अत्याधुनिक इनोवेशन, बेहतरीन परफॉर्मेंस और बेमिसाल आराम प्रदान करने की प्रतिबद्धता को और पुख्ता किया है। ये सुधार लेक्सस की इस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं कि वह मेहमानों की जरूरतों को पहले से भांपकर उन्हें असाधारण मोबिलिटी अनुभव प्रदान करता है। लेक्सस एनएक्स, जो पहले से ही लक्जरी मिडसाइज एसयूवी सेगमेंट में एक पसंदीदा विकल्प रही है।

# जीएसटी सुधारों पर राज्यों के साथ सहमति बनाने के प्रयास करेगा केंद्र: सीतारमण

नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम हैं और केंद्र सरकार आने वाले हफ्तों में इस पर राज्यों के साथ आम सहमति बनाने का प्रयास करेगी।

सीतारमण ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों पर गठित राज्यों के मंत्रियों के समूहों (जीओएम) के साथ मुलाकात में कहा कि जीएसटी सुधारों पर केंद्र का प्रस्ताव संरचनात्मक सुधार, दरों को युक्तिसंगत बनाने और जीवन को आसान बनाने के तीन स्तंभों पर आधारित है। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने, बीमा पर कराधान और क्षतिपूर्ति उपकर पर बने मंत्री समूहों ने जीएसटी प्रणाली में व्यापक सुधारों के प्रस्ताव को लेकर सीतारमण के साथ मुलाकात की। बैठक के दौरान सीतारमण ने इस बात पर ज़ोर दिया कि केंद्र सरकार का यह प्रस्ताव देश के आत्मनिर्भर बनने की यात्रा में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की शुरुआत करने के दृष्टिकोण से है। तीनों मंत्री समूह दो दिन तक केंद्र के अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर विचार-विमर्श करेंगे, जिसके तहत पांच और 18 प्रतिशत की सिर्फ दो दरें ही प्रस्तावित की गई हैं। इसके अलावा विलासिता एवं नुकसानदेह उत्पादों पर 40 प्रतिशत कर की एक विशेष दर रखी गई है।

## फ्लिपकार्ट ने किया अपनी सेलर समिट सीरीज 2025 का समापन

बंगलुरू। भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने आज नई दिल्ली में अपनी सेलर समिट सीरीज 2025 का समापन किया। दिल्ली में आयोजित ग्रैंड फिनाले ने तीन शहरों सूरत, जयपुर और दिल्ली में ऑन-ग्राउंड सेलर समिट के आयोजन की सफलता को प्रदर्शित किया। इस सेलर समिट सीरीज के माध्यम से देशभर के8,000 से ज्यादा सेलर्स, एमएसएमई और उद्यमियों को सशक्त किया गया। एमएसएमई हमारी अर्थव्यवस्था के केंद्र में हैं और इस सेलर समिट के माध्यम से हमारा उद्देश्य उन्हें डिजिटल टूल्स के माध्यम से सशक्त करना, उपभोक्ताओं का भरोसा जीतने में सक्षम बनाना और उनके लिए नए अवसर सृजित करना है। फ्लिपकार्ट में हमें आत्मनिर्भर भारत को गति देने और भारत के डिजिटल विकास में एमएसएमई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का गर्व है।

# संगठित क्षेत्र में नौकरियां बढ़ीं

नयी दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने जून महीने में शुद्ध रूप से 21.89 लाख सदस्य जोड़े जो अप्रैल 2018 में पेरोल यानी नियमित वेतन पर रखे गये लोगों की संख्या जारी होने की शुरुआत के बाद सबसे अधिक है। श्रम मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, ईपीएफओ ने जून 2025 में शुद्ध रूप से 21.89 लाख सदस्य जोड़े जो सालाना आधार पर 13.46 प्रतिशत और मासिक आधार पर 9.14 प्रतिशत अधिक है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, शुद्ध रूप से इतने अधिक सदस्यों के जुड़ने के पीछे रोजगार अवसर बढ़ने और ईपीएफओ की जागरूकता की अहम भूमिका रही है। जून में 10.62 लाख नए अंशधारक ईपीएफओ के साथ जुड़े, जो मई की तुलना में 12.68 प्रतिशत और सालाना आधार पर 3.61 प्रतिशत अधिक है। इनमें 18-25 आयु वर्ग के 6.39 लाख युवा शामिल हैं, जो कुल नए ग्राहकों का 60.22 प्रतिशत हैं। इस वर्ग में शुद्ध पेरोल वृद्धि 9.72 लाख रही। पहले नौकरी छोड़ चुके करीब 16.93 लाख पुराने सदस्य जून में दोबारा ईपीएफओ के साथ जुड़े। इसमें सालाना आधार पर 19.65 प्रतिशत और मई की तुलना में 5.09 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। इस आंकड़े से पता चलता है कि ईपीएफओ सदस्य अंतिम निपटान के बजाय ईपीएफ खाते में जमा राशि स्थानांतरित कर अपनी सामाजिक सुरक्षा बनाए रखने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# नेवी कमांड से एमेजॉन के सैलर तक का सफर

बंगलुरू। देश 79वाँ स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। यह दिन है त्याग, कर्तव्य और राष्ट्र-निर्माण की भावना का दिन। इस दिन एमेजॉन उन पूर्व सैनिकों को सम्मानित कर रहा है, जिन्होंने एमेजॉन के साथ अपने करियर का दूसरा सफर शुरू किया। एमेजॉन के साथ काम कर रहे एक पूर्व सैनिक लेफ्टिनेंट कमांडर, अमित शिरोहा (रिटायर्ड) हैं। वो एमेजॉन में प्रोग्राम मैनेजर - सैलर पार्टनर प्रोग्राम के पद पर काम करते हैं। पहले वो भारतीय नौसेना में नौसैनिकों की कमान संभालते थे। अब वो एमेजॉन के मार्केटप्लेस में सैलर्स का अनुभव बेहतर बना रहे हैं, जिससे कंपनी की संस्कृति व सफलता में उनका योगदान प्रदर्शित होता है। अमित ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री लेने के बाद आईएमटी गाजियाबाद से एमबीए किया है। उन्होंने आईआईएम मुंबई से डिफेंस जनरल मैनेजमेंट कोर्स भी पूरा किया है। एमेजॉन में उनका एनरोलमेंट आईआईएम मुंबई में डिफेंस जनरल मैनेजमेंट प्रोग्राम (डीजीएमपी) के दौरान हुआ था।

# सैमसंग ने पेश किये गैलेक्सी बड्स3 एफई

नई दिल्ली। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज अपने गैलेक्सी बड्स लाइनअप में नया सदस्य गैलेक्सी बड्स3 एफई लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी का उद्देश्य है कि और अधिक लोगों तक ऑडियो इनोवेशन पहुंचाया जाए। गैलेक्सीबड्स3 एफई को प्रीमियम फीचर्स और किफायती दाम पर तैयार किया गया है। इनमें शामिल हैं आइकॉनिक ब्लेड डिजाइन, अपग्रेडेड ऑडियोपरफॉर्मेंस और गैलेक्सी एआई क्षमताएँ, जो इन्हें गैलेक्सी इकोसिस्टम से और भी मजबूती से जोड़ती हैं। गैलेक्सी बड्स3 एफई को खासतौर पर ऐसा ऑडियो अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है, जो हर पल को असरदार बना दे। इस नए मॉडल में लाइनअप की मुख्य खूबियों को और निखारा गया है जैसे ऐक्टिव नॉइज कैंसिलेशन, कॉल क्वॉलिटी, बैटरी लाइफ और आरामदायक फिट। वे जब चाहें, जहां चाहें और जैसे चाहें संगीत और बातचीत का मजा ले सकें।

## पेज एक का शेष

### जन सुनवाई

(हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उस पर कथित तौर पर हमला करने और लोक सेवक को उसके कर्तव्य निर्वहन में बाधा डालने का भी मामला दर्ज किया गया है।

सूत्रों ने बताया कि खिमजीभाई दो दिन पहले दिल्ली आया था और उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस में रुका था। दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि यह कोई साधारण हमला नहीं है। उन्होंने कहा कि हमलावर ने मुख्यमंत्री को जमीन पर गिराने और उन्हें पीटने की कोशिश की। मिश्रा ने संवाददाताओं से कहा, किसी पर भी खासकर एक महिला मुख्यमंत्री पर जो 24 घंटे जनता के कामों के लिए समर्पित हैं, उस पर ऐसा हमला दिल्ली में कभी नहीं सुना था। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के अधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री की चिकित्सकों ने जांच की और वह फिलहाल निगरानी में हैं। बाद में उनकी एमएलसी (मेडिको लीगल केस) जांच की गई। आधिकारिक सूत्रों ने शालीमार बाग स्थित गुप्ता के आवास से मिले सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पर हमला एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से साफ पता चलता है कि हमलावर ने हमले की तैयारी कम से कम 24 घंटे पहले से शुरू कर दी थी। सीसीटीवी फुटेज में बुधवार को आरोपी मुख्यमंत्री आवास की ओर जाते हुए दिख रहा है। वीडियो में आरोपी परिसर की रेकी करता, मुख्यमंत्री आवास के दृश्य रिकॉर्ड करता और बाद में हमला करने की कोशिश करता हुआ दिख रहा है। फुटेज में, वह एक दिन पहले अपने दौरे के दौरान किसी से फोन पर बात करता हुआ दिख रहा है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस घटना की विस्तृत जांच कर रही है और पुलिस को सीसीटीवी फुटेज सौंप दी गई है। इस बीच, आरोपी की मां भानुबेन सकारिया ने राजकोट में दावा किया कि उनका बेटा किसी भी राजनीतिक दल से नहीं जुड़ा है और आवारा कुत्तों पर उच्चतम न्यायालय के आदेश के खिलाफ एक प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए वह राष्ट्रीय राजधानी गया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके बेटे को कुत्तों से बहुत प्यार है। आरोपी की मां ने कहा, वह पशु प्रेमी है। उसे कुत्तों, गायों और पक्षियों से बहुत प्यार है। इसीलिए उच्चतम न्यायालय द्वारा दिल्ली के सभी आवारा कुत्तों को पकड़ने के आदेश के बाद वह परेशान था। उन्होंने बताया कि वह कुछ दिन पहले हरिद्वार गया था और उसने उन्हें फोन पर बताया था कि वह उच्चतम न्यायालय के आदेश के खिलाफ प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली जाएगा।

### हमला सिर्फ

और जनता की भलाई के हमारे संकल्प को डिगाने के लिए किया गया एक कायराना प्रयास है। उन्होंने कहा कि स्वाभाविक है कि इस हमले के बाद मैं सदमे में थी, लेकिन अब बेहतर महसूस कर रही हूं। मैं अपने सभी शुभचिंतकों से निवेदन करती हूं कि कृपया मुझसे मिलने के लिए परेशान न हों। मैं बहुत जल्द ही आपके बीच काम करती हुई दिखाई दूंगी। गुप्ता ने कहा, ऐसे हमले मेरे हौसले और जनता की सेवा के संकल्प को कभी तोड़ नहीं सकते। अब मैं पहले से कहीं अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ आपके बीच रहूंगी। जन सुनवाई और जनता की समस्याओं का समाधान पहले की तरह ही गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेगा। आपका विश्वास और समर्थन ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। आपके अपार स्नेह, आशीर्वाद और शुभकामनाओं के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, राजकोट (गुजरात) निवासी 41 वर्षीय आरोपी सकरिया राजेशभाई खिमजीभाई को हिरासत में ले लिया गया है।

### अब जेल

अधिनियमों में संशोधन की आवश्यकता है। संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 के मसौदे के अनुसार यदि किसी मंत्री को पद पर रहते हुए पांच वर्ष या उससे अधिक की अवधि के कारावास वाले किसी दंडनीय अपराध के आरोप में लगातार तीस दिन की अवधि के लिए गिरफ्तार किया जाता है और हिरासत में रखा जाता है तो उसे 31वें दिन तक प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा पद से हटा दिया जाएगा। लेकिन यदि ऐसे मंत्री के हटाए जाने के लिए प्रधानमंत्री की सलाह राष्ट्रपति को 31वें दिन तक नहीं दी जाती तो उसके बाद आने वाले दिन से वह मंत्री नहीं रहेगा। विधेयक के अनुसार इसी तरह का प्रावधान प्रधानमंत्री, राज्यों, दिल्ली और पुडुचेरी संघशासित राज्य के मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों के मामले में भी प्रस्तावित है। इसी तरह केंद्रशासित प्रदेशों के मामले में संघ राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1963 का संशोधन करने के लिए संघ राज्यक्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश के संदर्भ में जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 का और संशोधन करने के लिए जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किए गए।

### ऑनलाइन गेमिंग

में ऑनलाइन गेमिंग को एक डिसऑर्डर घोषित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग को बढ़ावा देना चाहती है तथा इनके लिए प्राधिकरण बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गेम निर्माताओं को सहायता दी जाएगी। मंत्री ने कहा, जब समाज और सरकार के राजस्व के बारे में चिंता करनी होती है तो इन दोनों के बीच में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमेशा मध्यम वर्गीय परिवार (के कल्याण) को ही चुना है। हमेशा समाज के फायदे को ही चुना है। कभी इससे समझौता नहीं किया है। और इस विधेयक में भी समाज के कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने ऑनलाइन गेमिंग का हवाला देते हुए कहा, समाज में जो एक बहुत बड़ी बुराई आ रही है उससे बचने के लिए यह विधेयक लाया गया है। इससे पहले, कई बार के स्थगन के बाद शाम पांच बजे सदन की कार्यवाही फिर शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उक्त विधेयक के बारे में कहा कि इससे देश के अंदर एक अच्छा संदेश जाएगा। उन्होंने कहा, हम देश के अंदर रोज आत्महत्याएं देखते हैं। परिवारों को बर्बाद होते देखते हैं। अध्यक्ष बिरला ने कहा कि सदन में ऑनलाइन गेमिंग का विषय माननीय सदस्यों ने कई बार उठाया है और प्रतिपक्ष के सभी सांसदों ने हमेशा मांग की है कि इस संबंध में एक कानून बनना चाहिए। उन्होंने हंगामा कर रहे विपक्षी सांसदों से कहा, मुझे लगता है कि इसमें सारा सदन एकमत है। इसलिए यह कानून लाया जा रहा है। आप चाहें तो इस विधेयक पर मैं 18 घंटे चर्चा कराऊंगा। विधेयक में ऑनलाइन मनी गेमिंग या उसके विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने के प्रावधान हैं और यह इन्हें पेश करने या विज्ञापन देने वालों के लिए कारावास या जुर्माना, या दोनों का प्रावधान करता है। ऑनलाइन मनी गेम में कोई व्यक्ति अधिक पैसा पाने की चाह में धन लगाकर खेलता है। यह विधेयक सभी तरह की ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ संबंधी गतिविधियों को प्रतिबंधित करता है। इनमें पोकर, रमी जैसे गेम शामिल हैं। संसद के दोनों सदनों द्वारा विधेयक पारित हो जाने के बाद, ऑनलाइन मनी गेमिंग की पेशकश या सुविधा प्रदान करने पर 3 वर्ष तक की कैद औराया। करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। मनी गेम का विज्ञापन करने पर दो साल तक की कैद औराया 50 लाख रुपये तक का जुर्माना लग सकता है। मनी गेम से संबंधित वित्तीय लेनदेन को बढ़ावा देने पर तीन साल तक की कैद औराया। करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। बार-बार अपराध करने पर 3 से 5 साल तक की कैद और 2 करोड़ रुपये तक के जुर्माने सहित बढ़ी हुई सज़ा दी जा सकती है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि विधेयक में प्रमुख धाराओं के तहत अपराधों को संज्ञेय और गैर-जमानती बनाने की मांग की गई है। इस विधेयक में ई-स्पोर्ट्स, शैक्षणिक खेल और सामाजिक खेल सहित ऑनलाइन खेल क्षेत्र को बढ़ावा देने, उसे विनियमित करने और इसके विकास तथा विनियमन के लिए एक प्राधिकरण की स्थापना का भी प्रावधान है। विधेयक में किसी कम्प्यूटर, मोबाइल उपकरण या इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन मनी गेम के प्रस्ताव, संचालन, सरलीकरण, विज्ञापन, प्रचार और भागीदारी को निषिद्ध किया गया है, विशेषकर जहां ऐसे क्रियाकलाप राज्य की सीमाओं के पार या विदेश से संचालित होते हैं।

### गैरसैंण विधानसभा

नागरिक संहिता (यूसीसी) संशोधन विधेयक भी पारित हुआ। इसके तहत लिव-इन रिलेशनशिप में धोखाधड़ी करने पर सजा सात साल तक कर दी गई है। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर अधिनियम में संशोधन कर उपाध्यक्ष पदों की संख्या एक से बढ़ाकर दो कर दी गई है। इसका असर देवस्थानम प्रबंधन और धार्मिक कार्यों पर पड़ेगा। हंगामे के बावजूद पारित अन्य विधेयकों में उत्तराखंड पंचायती राज (संशोधन) अध्यादेश 2025, ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत आरक्षण नियमावली 2025, उत्तराखंड निजी विश्वविद्यालय (संशोधन), उत्तराखंड लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक, उत्तराखंड साक्षी संरक्षण विधेयक शामिल हैं।

### राधाकृष्णन ने

महात्मा गांधी की विशाल प्रतिमा के समक्ष नमन किया और फिर अन्य प्रसिद्ध हस्तियों को श्रद्धांजलि दी। उपराष्ट्रपति के चुनाव में संसद में संख्याबल के हिसाब से राधाकृष्णन का चुना जाना निश्चित माना जा रहा है। विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्षी दलों का संयुक्त उम्मीदवार बनाया है। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं। राज्यसभा के मनोनीत सदस्य भी वोट डालने के पात्र होते हैं। निर्वाचक मंडल की प्रभावी संख्या 781 है और बहुमत का आंकड़ा 391 है। सत्तारूढ़ राजग को कम से कम 422 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है और युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) जैसी पार्टियां पहले ही राधाकृष्णन को समर्थन देने की घोषणा कर चुकी हैं। वाईएसआरसीपी इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं है।

### यूपी में खाद

तक प्रदेश में 37.70 लाख मीट्रिक टन की उपलब्धता रही। इसमें से 31.62 लाख मीट्रिक टन की खरीद किसानों की ओर से की जा चुकी है। डीएपी 18 अगस्त तक 9.25 लाख मी. टन की उपलब्धता रही, जिसमें से 5.38 लाख मी. टन की खरीद किसानों ने कर ली है। इसी तरह एनपीके 18 अगस्त तक 5.40 लाख मी०टन की उपलब्धता रही। इसमें से 2.39 लाख मीट्रिक टन की खरीद किसानों ने कर ली। खरीफ फसलों की बुवाई का कार्य पूर्ण हो गया है। मुख्य फसल धान में टॉप-ड्रेसिंग हेतु प्रतिदिन औसतन 49564 मी० टन यूरिया की खपत/बिक्री हो रही है। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 16.04% (मात्रा 4.37 लाख मी. टन) अधिक यूरिया उर्वरक की बिक्री हुई है।

### भिड़ंत के बाद

थीं कि कोई पास नहीं जा सका। हादसे के बाद सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और लगभग तीन घंटे तक यातायात बाधित रहा। क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से हटाकर यातायात बहाल किया गया।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ प्रमोद श्रीवास्तव
संचालक
श्री जानकी लाल मेमोरियल चिकित्सालय
हाटा बाजार, गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश शाही उर्फ पिंकू शाही
समाजसेवी-ग्राम सभा-सिहाइजपार
विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुशील यादव
ग्राम प्रधान-ग्राम सभा-सहुवाकोल
विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धीरेन्द्र सिंह उर्फ बबलू सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम सभा-पिछौरा
विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ राहुल श्रीवास्तव
संचालक-ओम इमरजेंसी एण्ड हेल्थ केयर सेंटर गगहा बाजार
(निकट बस स्टैंड) गोरखपुर
मो. नंबर 9918047247
नोट -: 24 घंटे आपात कालीन सेवा उपलब्ध

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिनेश यादव
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम सभा-उज्जरपार
विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप मौर्या
ग्राम प्रधान-ग्राम सभा-बेलादार
विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौमित्र कौशिक उर्फ संदीप चन्द
प्रोपराइटर
भगौती ट्रेडर्स एवं जनता सीमेंट स्टोर
हाटा बाजार (शिवपुर) गोरखपुर

चिल्लूपार विधान सभा क्षेत्र-328 की समस्त सम्मानित जनता को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुश्री बहन मायावती जी
राष्ट्रीय अध्यक्ष-बसपा
एवं पूर्व मुख्यमंत्री उ.प्र.
मनीष पाण्डेय
वरिष्ठ बसपा नेता
328 विधान सभा चिल्लूपार
गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बी. के. सिंह
प्रबंधक
राधिका महाविद्यालय
पता :- करवल मझगांव, गगहा गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विक्की निषाद
प्रधान प्रतिनिधि- ग्राम सभा-गढही
विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राधेश्याम गुप्ता-प्रोपराइटर
शिवी वस्त्रालय एण्ड ज्वेलर्स तूफानी सेठ की पुरानी दुकान
हाटा बाजार (शिवपुर) गोरखपुर

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
नीलेश हास्पिटल लालगंज एवं सांगीपुर, प्रतापगढ़
बेहतर उपचार व 24 घण्टे की इमरजेंसी सेवा उपलब्ध
डा. नीलेश पाण्डेय
चिकित्सा विशेषज्ञ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज वर्मा
श्री बालाजी ज्वेलर्स एवं अशोक कुमार व मनोज कुमार बर्तन की दुकान (थोक एवं फुटकर बर्तन के विक्रेता) बड़गो मोड
हाटा बाजार गोरखपुर
मो नंबर-8009268030

























